
शोभायात्रा में शामिल राम-लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी। अमृत विचार

# मनमोहक झांकियों के साथ निकली महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** श्री महर्षि सेवा समिति की ओर से झांकियों के साथ महर्षि वाल्मीकि की 20वीं शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन करके शोभा यात्रा का शुभारंभ किया।


वाल्मीकि शोभायात्रा की शुरुआत करतीं विधायक अर्चना पांडेय। अमृत विचार


पुष्प अर्पित करते व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता। अमृत विचार

इस अवसर पर उन्होंने कहा महर्षि बाल्मीकि विश्व के आदि कवि हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम के जीवनकाल में विश्वप्रसिद्ध कालजयी कृति रामायण महाकाव्य की रचना की थी। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, एसडीम उमाकांत तिवारी, ईओ सुनील कुमार सिंह एवं श्री राम कथा वाचक प्रशांतानंद चंदन आदि ने भी महर्षि के चित्र पर माल्यार्पण किया।

सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष एवं भाजपा सभासद किशनलाल वाल्मीकि एवं सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष अजय वाल्मीकि ने माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट करके अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अमरदीप, देवेंद्र, सुभाष चंद्र, गोपाल, कैलाश, प्रभु दयाल, सूरज, सुरेश चंद्र, अजय, विनोद, बृजेश व कालका प्रसाद आदि मौजूद रहे। शोभा यात्रा में 21 जीवंत झांकियों सहित डीजे एवं बैंड शामिल थे। बाइकों पर सवार युवक राम के जयकारे लगाते हुए भक्ति गीतों पर थिरकते रहे।

यह विशाल शोभा यात्रा पश्चिमी बाईपास से तिरंगा तिराहा और फिर तहसील परिसर होते हुए मोहल्ला कस्सावान स्थित वाल्मीकि मंदिर तक निकाली गई। पश्चिमी बाई पास स्थित पंडित कन्हैया लाल पांडेय मार्केट के सामने अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना गौ रक्षा प्रकल्प के प्रदेश संयोजक रंजीत पांडेय ने महर्षि के चित्र, झांकियों पर माल्यार्पण तो एसडीएम उमाकांत तिवारी का स्वागत किया। इस मौके रामकिशोर दुबे, अनूप दुबे, सचिन पांडेय एडवोकेट, कृष्णा पांडेय, आकाश गिहार, भूरा नागर, नीलू कुमार व कुनाल नागर आदि मौजूद रहे। पुरानी गल्ला मंडी के पास उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, किराना एसोसिएशन के महामंत्री दीपांक दुबे, सत्यनारायण वर्मा, अमित भारतीय, संजीव गुप्ता गांधी, पुनीत मिश्रा, प्रियांशु गुप्ता, ताशु गुप्ता, प्रभाकर गुप्ता, राम गुप्ता आदि रहे।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकलीं शोभायात्राएं

## शहर में भक्तों ने जगह-जगह किया स्वागत, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने पूजन के बाद रवाना किया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले भर में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। शहर में भी जगह-जगह भक्तों ने यात्रा का स्वागत किया। पूर्व सांसद में वाल्मीकि मंदिर से पूजा अर्चना के बाद यात्रा को रवाना किया।

वाल्मीकि जयंती पर शहर में शोभा यात्रा निकाली गई। एसबीएस इंटर कालेज के पीछे पुरानी पुलिस लाइन रोड पर स्थिति वाल्मीकि मंदिर पहुंचे पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने पहले पूजा की और फिर यात्रा को रवाना किया। यात्रा सबसे पहले मकरंदनगर पहुंची इसके बाद कन्नौज शहर के लिये रवाना हुई।

यात्रा फूलमती देवी मंदिर, चिरैयागंज, पाटा नाला, बडा चौराहा, पीलत मंडी होते हुए फर्रुखरोड, नगरपालिका, मिठाई गली से लाखन तिराहा होते हुए महर्षि वाल्मीकि मंदिर में समाप्त हुई। पूर्व सांसद साथ में चलते रहे। भक्त महर्षि के जयकारे लगाते रहे। डीजे की धुन पर कलाकार व युवा नृत्य कर रहे थे। इस मौके पर शोभायात्रा के अध्यक्ष सुनील वाल्मीकि, अमित वाल्मीकि, मंगल वाल्मीकि, दयाराम वाल्मीकि, मंजेश वाल्मीकि, हीरो वाल्मीकि के अलावा महिला व पुरुष भक्त मौजूद रहे।


महर्षि वाल्मीकि यात्रा में शामिल झांकी। अमृत विचार


यात्रा में शामिल भक्त और भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रत पाठक। अमृत विचार

# चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

संवाददाता, तिर्वा

**अमृत विचार।** वाल्मीकि जयंती पर चित्रकला की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों ने आकर्षक चित्र बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कोतवाली के महसौनापुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य वैभव राजपूत ने वाल्मीकि जयंती पर बच्चों को जानकारी देने के लिए ब्लैक बोर्ड पर उनका चित्र बनाकर छात्रों से चित्र बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्रों ने उनके चित्र बनाकर प्रतिभा दिखाई। प्रधानाचार्य ने महर्षि के जीवन के बारे में बताया। कहा कि वाल्मीकि को रामायण के रचयिता के रूप में जाना जाता है। वाल्मीकि को आदिकवि भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने संस्कृत में पहले महाकाव्य की रचना की।

वाल्मीकि जयंती का पर्व अश्विन माह की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, जिसे शरद पूर्णिमा भी कहते हैं। इस अवसर पर शिक्षिका शानू वर्मा द्वारा चित्रांकन किया गया। इसके बाद सभी छात्रों सहित समस्त विद्यालय परिवार ने वाल्मीकि जी को पुष्प समर्पित किये।


वाल्मीकि का चित्र बनाकर दिखाते छात्र। अमृत विचार

# रामचरित मानस पाठ आयोजित

**गुरसहायगंज।** तालग्राम नगर पंचायत के नौसारा में गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष मोहसिन खान (जानू) ने वाल्मीकि प्रतिमा को फूलमाला पहनाकर नमन किया। इसके बाद श्री रामचरित मानस का पाठ कराया गया। सभासद पंकज ठाकुर, हिमांशू पंडित ने मानस पाठ कर आरती वंदना की गई। इस दौरान दीपक सविता वरिष्ठ लिपिक, संतराम बाल्मीकि, सुभाष बाल्मीकि, वीरेंद्र बाल्मीकि, रामवीर वाल्मीकि, अमन वाल्मीकि, गोकरन सिंह, अनुज कुमार, रवि शर्मा, रोहित पटेल, आरिफ खान आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार गुरसहायगंज के रामजानकी मण्डपम् में नगर पालिका परिषद की तरफ से सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें ईओ अनिल कुमार, कार्यालय अधीक्षक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह आदि पालिका कर्मी शामिल रहे। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत के सभासद जीतू गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, प्रसन्नजीत, दीपक गुप्ता, भईयालाल दुबे, विपिन चौरसिया, कपिल, अनिल प्रजापति, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, वीर सिंह, दीनानाथ, अशोक शर्मा, आकाश कुमार, मोहित गुप्ता, अविनीत, शैलेन्द्र, सतीश, शरद श्रीवास्तव, सुधांशू, अमित आदि कर्मी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


चेयरमैन को चांदी का मुकुट पहनकर सम्मानित करते अनिल वाल्मीकि।

### चांदी का मुकुट पहनाकर पालिका अध्यक्ष का सम्मान

**छिबरामऊ।** नगर में श्री महर्षि सेवा समिति के तत्वावधान में निकाली गई महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा जब पोस्ट ऑफिस के आगे पहुंची तब समिति के अनिल वाल्मीकि ने माल्यार्पण के साथ चांदी का मुकुट पहनाकर पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे को सम्मानित किया। इसके अलावा सभासद रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, हिमांक त्रिपाठी, अमित गुप्ता, गोपाल गुप्ता, राजू फ़करे आलम, डॉक्टर राहुल सिंह, सच्चु तिवारी, जितेंद्र दीक्षित एडवोकेट, राघव तिवारी व शिवम दुबे ने माल्यार्पण करके पालिकाध्यक्ष का अभिनंदन किया।


फीता काटकर शोभायात्रा की शुरुआत करते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता।

### गुरसहायगंज में भी वाल्मीकि जयंती की धूम

**गुरसहायगंज।** महर्षि वाल्मीकि सेना (अटल) की तरफ से वाल्मीकि की जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने आरती व फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। गुरुवार को शोभायात्रा के दौरान कमेटी के लोगों ने अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, सीओ सदर कमलेश कुमार, कोतवाल आलोक कुमार दुबे, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि, डॉ. भीमराव आंबेडकर, झलकारीबाई, महर्षि शाम्बूक, गुरू गोरखनाथ, राम, लक्ष्मण, सीता, वीर हनुमान आदि झांकियां शामिल रहीं। यात्रा जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली, रामगंज होते हुए गांधी नगर तक भ्रमणकर संपन्न हुई। इस दौरान अशोक वाल्मीकि, अमन कठेरिया, सचिन शर्मा, शिवा वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि, रामनरेश, अनिल कुमार, अशोक कुमार, सरबन, राकेश, अजीत कुमार, मनोज कुमार, आशीष, राजेश, अहिवरन आदि मौजूद रहे।

# अमृत वाटिका के लिए ब्रह्मदेव मंदिर के पास भूमि का चयन

संवाददाता, जलालाबाद

- उद्यान अधिकारी ने उत्तिमापुर पट्टी में भूमि का किया निरीक्षण
- दो बीघा क्षेत्रफल में लगाए जाएंगे फलदार पौधे

**अमृत विचार।** जिला उद्यान अधिकारी ने अमृत वाटिका लगाने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। भूमि को चिंहित कर वाटिका लगाने का कार्य करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत उत्तिमापुर पट्टी में जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी ने अमृत वाटिका लगाने के लिए सरकारी भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने ब्रह्मदेव मंदिर के निकट स्थित भूमि को अमृत वाटिका के लिए चिन्हित किया। बताया कि अमृत वाटिका लगभग दो बीघा जमीन में लगाई जाएगी। इसमें आम, अमरूद, बेल, करौंदा, अमला, नींबू, कटहल, जामुन आदि के पौधे लगाए जाएंगे।

जिससे फल व औषधीय पौधों को स्थान मिल सकेगा। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार, टीए प्रमोद कुमार विनोद कुमार, अभिनेंद्र, राजेश, घनश्याम, बृजेंद्र, रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।


जमीन का निरीक्षण करते जिला उद्यान अधिकारी सीपी अवस्थी। अमृत विचार

# आरती के बाद रामलीला शुरू

**गुरसहायगंज।** आदर्श रामलीला समिति तिर्वा रोड के तत्वाधान में रामलीला का मंचन शुरू किया गया। इससे पहले समाजसेवियों, वृद्ध व प्रबुद्धजनों सहित कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान श्री गणेश व भगवान श्री राम की आरती वन्दना कर की। समाजसेवी अशोक गुप्ता ने कहा कि श्रीराम के आदर्श हम सभी को मर्यादा में रहकर कार्य करने का संदेश देते है।

नगर के तिर्वा रोड पर आदर्श रामलीला का रामकुमार पाठक, शम्भू दयाल गुप्ता, नाथूराम राजपूत, डा. सुधीर दीक्षित, ऊषा दुबे, देवेन्द्र देव, राजीव ठाकुर, नीरज मिश्रा आदि ने आरती वंदना कर व फीता काटकर शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता ने कहा कि भगवान श्री राम हम सभी के आदर्श है। सभी को उनके चरित्र का अनुसरण करते हुए समाजिक बुराईयों को दूर करना चाहिए।

# आंगनबाड़ी के 138 पदों के लिए 4000 आवेदन पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- करीब 1200 आवेदन अपूर्ण अन्य में भी तमाम कमियां
- ऑनलाइन आवेदन की तारीख 17 से 28 अक्टूबर की गई

**अमृत विचार।** बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के 138 पदों के लिए लंबी लाइन है। अब तक चार हजार ऑनलाइन आवेदन हो गए हैं। इसमें 1200 आवेदनों में कमियां बताई गईं हैं। खास बात यह है कि आवेदन करने की तारीख 17 अक्टूबर से बढ़ाकर 28 तारीख कर दी गई है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि शहर कन्नौज, कन्नौज ग्रामीण, उमर्दा, जलालाबाद, गुगरापुर, सौरिख, छिबरामऊ, तालग्राम व हसेरन ब्लॉक क्षेत्रों में रिक्त पदों के लिए 27 सितंबर से 17 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन मांग गए थे। डीएम शुभ्रान्त शुक्ल की अनुमति के बाद आवेदन की अंतिम तारीख अब 28 अक्टूबर कर दी गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी का कहना है कि सामान्य वर्ग के 56, पिछड़ा वर्ग के 42, अनुसूचित जाति के 30 और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं के लिए 10 पद आरक्षित हैं।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन का साफ्टवेयर शासन ने तैयार किया है जो आय, जाति व अन्य प्रमाण पत्रों का वेरीफिकेशन भी खुद कर लेगा। अगर कोई गलती आवेदन में है तो उसे निरस्त कर देगा। अधिक नंबर वाले अभ्यर्थियों की सूची भी ब्लॉकवार खुद बन जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी का तर्क है कि आवेदन करते समय सावधानी बरती जाए।

### किशोरी को ले गया युवक

**सौरिख।** क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस से शिकायत की कि 17 वर्षीय पुत्री पड़ोसी के घर जाने के लिए निकली थी। देर शाम तक न लौटने पर खोजबीन की तो पता चला गांव का सनी कठेरिया बेटी को फुसला कर भाग ले गया। शनि के घर पूछताछ की तो परिजनों ने गुमराह कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।


कस्बावासियों के साथ चेयरमैन ने अध्यक्ष का सम्मान किया। अमृत विचार

# रामलीला के बाद अध्यक्ष सम्मानित

**सौरिख।** कस्बा में रामलीला नाटक कमेटी पुरातन के अध्यक्ष की ओर से 11 दिवसीय रात्रिकालीन रामलीला सकुशल संपन्न कराई गई। इस पर कस्बावासियों ने कमेटी अध्यक्ष को फूल माला पहनाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

सब्जी मंडी परिसर में रामलीला नाटक कमेटी पुरातन के अध्यक्ष जितेंद्र बिहारी जीतू हजेला के नेतृत्व में रामलीला कुशल पात्रों द्वारा सकुशल संपन्न कराई गई। इस पर चेयरमैन राहुल गुप्ता, गल्ला व्यापारी रामप्रकाश गुप्ता रामू, अनिल पाल, पंडित मुकेशानन्द शास्त्री ने कमेटी अध्यक्ष के नेतृत्व की सराहना करते हुए फूल माला पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान प्रबंधक अशोक चौरसिया, सोनू गुप्ता, नन्हे वर्मा, राजन सैनी, लालू गुप्ता, विनोद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

तैयारी — बैठक में कार्यक्रम की तय की गई रूपरेखा, यात्रा में शामिल होगा महाराष्ट्र का ढोल

# खाटू श्याम की निशान यात्रा की होगी धूम

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** नगर में 17 नवंबर को बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। एक मैरिज होम में हुई बैठक में बाबा के भक्तों ने रूपरेखा पर विचार विमर्श किया।

समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि सभी भक्त 17 नवंबर को सुबह 10 बजे सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर पर एकत्र होंगे। यहां माता के दरबार में पूजा के बाद रथ पर विराजमान बाबा खाटू श्याम की पूजा होगी और फिर 6100 निशान के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हो जाएगी। शोभायात्रा में 11 झांकी, 20 डीजे, दो बैंड, महाराष्ट्र का ढोल, 50 महिला व 50 पुरुष बाउंसर होंगे। यात्रा का समापन विशुनगढ़ रोड स्थित रामलीला मैदान में होगा। यहां पर भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की जाएगी।


बैठक में मौजूद खाटू श्याम सेवा समिति के लोग। अमृत विचार

इस दौरान पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, श्री राम कथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन, नवदुर्गा सेवा समिति के महामंत्री संदीप दुबे, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, रिंकू पांडेय, विनय शर्मा सेठ, विनोद गुप्ता, रामदत्त गुप्ता, श्याम वर्मा, सर्वेश कुमार तिवारी, राहुल गुप्ता, शुभम उर्फ पल्ली पांडेय, आनंद गुप्ता, बृजेश गुप्ता एवं अन्नू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

सूचित हो कि हमने अपनी पुत्री प्रीति गुप्ता के आचरण से क्षुब्ध होकर सारे सम्बन्ध समाप्त कर अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है वह अपने कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होगे। **विजय शंकर गुप्ता पुत्र राजाराम गुप्ता, श्रीमती ज्योति गुप्ता पत्नी विजय शंकर गुप्ता, निवासी–116/349–ए, रावतपुर गांव, थाना–रावतपुर, कानपुर**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै SAMSHYUDDHIN S/O SARAFAT ALI निवासी ग्राम– ओझवा, ग्राम पंचायत व पोस्ट–मोहरबा, थाना– मटेरा, जनपद–बहराइच ने अपना नाम SAMSHY UDDHIN से बदल कर SHAMSUDDIN ALI कर लिया है। आजसे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये ।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरा पुत्र अशोक कुमार उर्फ मोनू व उसकी पत्नी कोमल का चाल चलन अच्छा नही है। दोनो के कार्य व्यवहार को देखते हुए अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए कार्यो का उत्तदायित्व मेरा नहीं होगा। **–रामबाबू पुत्र रामदीन निवासी– ग्राम 260 बाघपुर, तहसील मैथा, थाना शिवली, कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रंजीता पत्नी कमलेश गौतम, निवासिनी– 13, मान खेड़ा, मल्हौर रोड, चिनहट, लखनऊ, उ0प्र0,** मेरी भारतीय जीवन बीमा पॉलिसी जिसका नं0 –319604780 में मेरा नाम रिनित गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम रंजीता है जो आधार कार्ड में भी दर्ज है। अत: मुझे रंजीता के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मेरे राशन कार्ड संख्या 215840612286 में मेरा नाम त्रुटिवश गुड़िया दर्ज हो गया है , जो गलत है । जबकि आधार कार्ड समेत अन्य अभिलेखों के मेरा नाम शाबिरा है , जो सही है । अत: मेरे राशन कार्ड के मेरा सही नाम शाबिरा दर्ज किया जाए। **शाबिरा पत्नी आशिक अली निवासिनी – ग्राम असलाहपुर मजरे – खालिकपुर कला ब्लाक व तहसील – ऊंचाहार जिला – रायबरेली**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अगस्तेय कुमार पाठक पुत्र स्व0 दशरथ पाठक, निवासी– सैनिक इक्लेव, बिजनौर, लखनऊ उ0प्र0 मो0नं0–6005503907,** मेरी पुत्री कुमारी राधा पाठक का 12वीं पासिंग का के0वी0सी0आर0 बिजनौर लखनऊ द्वारा जारी (Transfer Certificate) टी0सी0 () वास्तव में खो गयी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **पार्वती देवी पत्नी विश्वनाथ गुप्ता, निवासी–मकान नं0–15/37, मुंशी पुलिया, इंदिरा नगर, लखनऊ, उ0प्र0–226016,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0 –AOFDP4735A में पार्वती देवी (Parvati Devi) एवं उनके पिता का नाम विश्वनाथ (Vishwanath) त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरा नाम पार्वती देवी तथा पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल है।, अत: मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम भगवान दीन जायसवाल (Bhagwan Deen Jaiswal) अंकित किया जाय। जो कि सत्य एवं सही है।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड नंबर 339588871851 में मेरा नाम त्रुटिवश यधुवीर सिंह पुत्र सुनील कुमार जन्मतिथि 15–07–2001 गलत अंकित हो गया था जबकि मेरे सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम व जन्मतिथि 11–04–1998 अंकित है। अत: मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम शैलेंद्र यादव व पिता का नाम विधाराम, जन्म तिथि 11–04–1998 अंकित करना चाहता हूं जो कि सही व सच है। **शैलेंद्र यादव पुत्र विधाराम, निवासी– ग्राम शंकरपुर, पोस्ट लोकपुर, थाना विशुनगढ़, तहसील छिबरामऊ ,(कन्नौज)**

## आज का मौसम

शुक्रवार को धूप खिली रहने का अनुमान है।

33.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06:12 | सूर्यास्त 05:39

# सरकारी आवास से अभियंता का तोड़ा गया ताला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


सरकारी आवास का ताला तोड़ते जिला पंचायत के संपत्ति बाबू वीरेंद्र दुबे। साथ में मौजूद कार्याधिकारी विनोद कुशवाहा। अमृत विचार

- जिला पंचायत के इंजीनियर का 21 अगस्त को लखनऊ हो गया था तबादला
- अपर मुख्य अधिकारी ने कार्याधिकारी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम बनाई

**अमृत विचार।** करीब दो महीने पहले जिला पंचायत के अभियंता हरेंद्र राव का तबादला लखनऊ हो गया था। मानीमऊ स्थित सरकारी कॉलोनी में आवास में उनका कब्जा अब तक था। गुरुवार को ताला तोड़कर आवास को कब्जा मुक्त करा दिया गया। बाद में सामान का मिलान किया गया।

जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी जगप्रसाद मौर्य ने अभियंता के 21 अगस्त को तबादले के बाद सरकारी आवास खाली कराने के लिए कार्याधिकारी विनोद कुशवाहा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय टीम गठित की। गुरुवार को टीम में शामिल कार्याधिकारी के अलावा जेई अशोक यादव, नाजिर बेचेलाल वर्मा, मानचित्रकार शुभम यादव व संपत्ति बाबू वीरेंद्र दुबे मौके पर पहुंचे। संपत्ति बाबू व मानचित्रकार ने अभियंता के कब्जे वाले सरकारी आवास का हथौड़ा से ताला तोड़ा।

इसके बाद सूची बनाई गई। बाद में सामान का मिलान किया गया। इस बारे में कार्याधिकारी ने बताया कि सूची से सरकारी संपत्ति का मिलान किया गया तकरीबन सभी सामान मौके पर मिल गया है। पुलिस को किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी गई है। अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि अभिलेख व सामान गायब होने की जानकारी अभी नहीं मिली है। एक दिन बाद पता लग जाएगा। दूसरी ओर अभियंता हरेंद्र राव का कहना है कि वह कोई सरकारी सामान नहीं लाए हैं।

### ये सामान गायब होने की चर्चा

- टीम में शामिल जिला पंचायत के एक कर्मचारी ने काफी सामान गायब होने का आरोप लगाया है। इसमें ऑन कैमरा फ्रिज व बैटरा का नाम लिया है। दूसरी ओर चर्चा है कि सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी गायब है। हालांकि जिम्मेदारों का तर्क है कि तकरीबन सभी सामग्री मौजूद मिली है।

# शिक्षक के निलंबन पर छात्र भड़के, गेट में जड़ा ताला

## प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने अभद्रता के आरोप में किया निलंबित

संवाददाता, तिर्वा


कार्रवाई के विरोध में कॉलेज गेट पर ताला डालकर प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार

- सड़क पर बैठीं छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधक के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**अमृत विचार।** प्रबंध समिति अध्यक्ष ने अभद्रता करने के आरोप में शिक्षक को निलंबित कर दिया। इसकी जानकारी छात्र-छात्राओं तक पहुंचे तो वे भड़क गए। बाहर निकलकर कॉलेज गेट पर ताला डालकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। शिक्षक की बहाली की मांग को लेकर छात्राएं सड़क पर बैठ गईं और प्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से समझाकर शांत कराया। बताया गया कि प्रबंधक की तरफ से बहाली को लेकर हामी भरी गई है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी।

मामला ठठिया क्षेत्र के सुरसी गांव स्थित लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज का है। कॉलेज में भूगोल के अध्यापक पवन कुमार की तैनाती है। उन पर आरोप है कि 27 सितंबर को प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक कटियार निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने उनसे अभद्रता कर दी, जबकि अध्यक्ष ने उनसे कुछ नहीं कहा था। वे किसी अन्य शिक्षक को कक्षा में जाने को कह रहे थे। उन पर उच्चाधिकारियों से निरंतर अभद्रता तथा दायित्वों के प्रति घोर उदासीनता व निर्देशों की अवहेलना के भी आरोप लगाते हुए प्रबंध समिति ने तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया।

शिक्षक पवन के निलंबन की जानकारी होते ही गुरुवार को छात्र-छात्राएं भड़क गए और कॉलेज प्रबंधक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे। साथ ही गेट पर ताला डालकर बाहर आ गए। छात्र-छात्राओं ने मांग की कि शिक्षक का निलंबन रद्द किया जाए। छात्राएं भी सड़क पर उतरकर नारेबाजी कर मांग पूरी करने की बात कहने लगीं। इसकी जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छात्र-छात्राओं को समझाया। वहीं शिक्षक पवन का कहना है कि लगाए गए सभी आरोप बेवुनियाद है। प्रबंधक आए दिन निलंबित करने की धमकी देते हैं।

महाप्रबंधक विजय सिंह कनौजिया ने बताया कि पिछले दिनों समिति के अध्यक्ष अशोक कटियार कॉलेज का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान सभी शिक्षक एक कक्ष में बैठे हुए थे। इस पर अध्यक्ष ने नाराजगी जताई और कक्षाओं में पढ़ाने की बात कही थी। शिक्षक पवन कुमार अभद्रता करने लगे। घटना को लेकर कई बार शिक्षक से बात करना चाही लेकिन वह कॉलेज का माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। छात्रों के घर घर जाकर बहला फुसलाकार कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ उकासा रहे है। छात्रों को निरंतर समझाया जा रहा है जल्द ही स्थिति सामान्य होगी। काफी देर तक प्रदर्शन के बाद छात्र-छात्राएं घरों को चले गए।


वरिष्ठ नेता अविनाश दुबे को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी। अमृत विचार

# एक साथ जलीं चिताएं लोगों के छलके आंसू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अंतिम यात्रा में हजारों लोग हुए शामिल, अफसर भी पहुंचे

**अमृत विचार।** वरिष्ठ पत्रकार तथा कांग्रेसी नेता को गुरुवार को महादेवी गंगा तट पर नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। कार चालक का अंतिम संस्कार जलेसर घाट पर किया गया। अंतिम यात्रा में पूर्व सांसद से लेकर उद्योगपति, समाजसेवी, राजनीतिक व पत्रकार शामिल हुए। डीएम, एडीएम ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

बुधवार को फतेहपुर में प्रयागराज जाते समय कार सवार शहर के ग्वाल मैदान निवासी वरिष्ठ पत्रकार व वरिष्ठ नागरिक समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज कुमार शुक्ला, गोमती देवी इंटर कालेज के प्रबंधक व कांग्रेसी नेता अविनाश दुबे व कार चालक कौशल कुमार तिवारी की हादसे में मौत के बाद देर रात शव घर पहुंचे तो घरों में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह 10 बजे शव यात्रा महादेवी घाट के लिये रवाना हुई। इस यात्रा में शहर के उद्योगपति राम दीक्षित, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, कांग्रेस नेता विजय मिश्रा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, शिक्षाविद सुनील सिंह के अलावा कई राजनीतिक, शिक्षाविद, पत्रकार शामिल हुए। पुत्रों ने अपने-अपने पिता को मुखाग्नि दी। एक साथ चिताएं जलीं तो लोगों की आंखें नम हो गईं। कार चालक की अंतिम यात्रा गुरसहायगंज से निकली। उधर, जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी आशीष सिंह उनके आवास पहुचकर उनके पिता जीवन शुक्ल से मिल कर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।


निरीक्षण के दौरान तालग्राम प्रभारी को निर्देश देते डीआईजी। अमृत विचार

# अपराधियों पर पैनी नजर रखें

संवाददाता, गुरसहायगंज

- डीआईजी ने थाना तालग्राम का किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार।** तालग्रम थाने पहुंचे डीआईजी ने अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसके बाद कस्बा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थानाध्यक्ष को चौकसी बढ़ाने और अपराधियों पर नकेल लगाने के निर्देश दिए।

गुरुवार दोपहर बाद डीआईजी जोगेंदर सिंह को थाने में देख पुलिस कर्मियों के होश उड़ गए। सबसे पहले उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद अपराध रजिस्टर, शस्त्र रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने गैंगस्टर, गुंडा व आपराधिक इतिहास वाले लोगों की जानकारी ली। इसके बाद कस्बा का भ्रमण कर भौतिक स्थिति की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था को परखा। उन्होंने कहा कि तालग्राम संवेदनशील है। यहां विशेष चौकसी की जरूरत है। उन्होंने थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। थाना क्षेत्र के सभी आपराधिक इतिहास के लोगों का भौतिक सत्यापन करने और कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

# एक दिन में बांट दी 35 एमटी डीएपी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



खाद विक्रेता से जानकारी लेते एसडीएम रामकेश, जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह।

- 33 दुकानों में छापे, 4 नमूने लिए, 4 विक्रेताओं को नोटिस
- तीनों तहसील क्षेत्र के लिए गठित हुई अफसरों की टीम

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने जनपद में उर्वरक की दुकानों पर छापेमारी के लिए तहसीलवार तीन टीमों का गठन किया। कुल 33 दुकानों पर छापे डाले और चार नमूने लिए। चार खाद विक्रेताओं को नोटिस जारी किया गया। तीन विक्रेता बिना पूर्व सूचना के दुकान बंद किए थे जहां पर्याप्त मात्रा में डीएपी का स्टॉक है। दूसरी ओर सहकारी समिति जसपुरापुर सरैया में 35 मीट्रिक टन डीएपी बांट दी गई लेकिन किसानों का ब्योरा नहीं मिला।

जिला कृषि अधिकारी आवेश सिंह ने बताया कि आरके बिल्डिंग फर्टिलाइजर एंड स्टोर नजरापुर, श्याम ट्रेडर्स मुरैया बुजुर्ग और गौरव सौरव फर्टिलाइजर जसपुरापुर सरैया को नोटिस जारी कर उर्वरकों की आपूर्ति प्रतिबंधित की गई है। सहकारी समिति जसपुरापुर सरैया के सचिव ने बताया कि 16 अक्टूबर को 35 मीट्रिक टन डीएपी मिली, उसी दिन पूरी बंट गई। वितरण रजिस्टर में किसानों के गांव एवं मोबाइल नंबर नहीं दिए गए जिसके कारण अंकित बोरियों की मात्रा का सत्यापन नहीं किया जा सका। सचिव को नोटिस जारी किया गया।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि छिबरामऊ में भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा व प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान, तहसील तिर्वा में डीडी कृषि प्रमोद सिरोही व कार्यकारी अधिकारी मत्स्य अजय सिंह और कन्नौज में उन्होंने खुद एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता राजीव लोचन शर्मा ने दुकानों पर छापेमारी की। कन्नौज में एसडीएम रामकेश भी साथ रहे। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए 100 किलोग्राम पोटाश एवं 100 किलोग्राम फास्फोरस की जरूरत होती है। यदि किसानों को कोई समस्या है तो वह मोबाइल नंबर 8272893015 पर बताएं।

## एक नजर

### दबंग चरवाहे ने किसान को जमकर पीटा

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र केनगला बल्देव निवासी बृद्ध जयपाल सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम लगभग 4 बजे वह अपने खेत की तरफ अपनी धान की फसल देखने गए थे। वहां मौके पर पहुंच कर देखा कि उनके खेत पर गांव के ही कुछ लोग मौजूद थे और उसके पालतू पशु खेत पर लगी फसल चर कर नष्ट कर रहे थे, जिसका विरोध करने पर उक्त दबंगों ने अपने जानवरों को हटाने की जगह उनके साथ गालीगलौज करते हुए मारने पीटने लगे। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों को आता देख दबंग गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए पीड़ित में मामले की शिकायत पुलिस से किया।

### चौकी इंचार्ज के घर हुई चोरी में कई हिरासत में

**सौरिख।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के हसेरन चौकी पर तैनात दरोगा के किराए के मकान में चोरों ने नगदी समेत लाखों का जेवरात चोरी कर लिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसेरन में स्थित चौकी पर विनीत वर्मा वर्तमान समय में चौकी इंचार्ज के पद पर तैनात हैं। और हसेरन में किराए के मकान में रहते हैं। मंगलवार की रात को चौकी इंचार्ज क्षेत्र में ड्यूटी पर गए हुए थे। तभी मकान के बाहर खड़े पेड़ के सहारे चोर छत से अंदर घुस गए। कमरे का ताला तोड़कर रखी बीस हजार की नगदी समेत जंजीर, तीन अंगूठी, समेत लाखों का जेवरात चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार लोगों को हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी।

### भैंस चोरी कर जा रहे लोडर को युवक के साथ पकड़ा

**गुरसहायगंज।** लोडर से चोरी की भैंसें लेकर जा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को देख तीन लोग मौके से फरार हो गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने सिपाहियों के साथ देर रात 2 बजे जीटी रोड समधन के निकट छापेमारी की। पुलिस ने लोडर की चेकिंग की। लोडर में चोरी की दो भैंस व एक पड़िया ले जा रहे आकिल अली पुत्र साकिर अली निवासी आजाद नगर भटपुरा थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद को हिरासत में ले लिया। जबकि चेला पुत्र कश्मीर, सचिन पुत्र शिव सिंह, सोमू पुत्र मंसाराम निवासीगण कुंडपुरा थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद मौके से फरार होने में सफल रहे।

### संदिग्ध हालात में महिला की मौत, हत्या का आरोप

**कन्नौज।** संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हो गई। परिजन जिला अस्पताल लाये जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव घमाइचमऊ निवासी रीनी (24) पत्नी शहनवाज की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। डॉ. रवि शर्मा ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर भाई जिला अस्पताल पहुंच गया। उसने बहन के ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पोस्टमार्टम कराने की मांग की। भाई ने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजन मृतका के ससुरालियों के खिलाफ तहरीर कोतवाली में देंगे।

समीक्षा बैठक

महिला अपराध में 1261 मुकदमों में 10 का निस्तारण और पांच लोगों को सजा हुई

# 42 केस निपटे, 15 को सजा और 27 आरोपी रिहा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक करते डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, एसपी अमित आनंद।

**अमृत विचार।** डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं नारकोटिक्स के संबंध में बैठक की। निर्देश दिए कि पाक्सो एक्ट, महिला उत्पीड़न व एससी/एसटी एक्ट के आरोपियों को प्राथमिकता से सजा दिलायी जाए। जनपद न्यायालय के गंभीर अपराधों की सितंबर में कुल संख्या 6791 प्रकरण लंबित थे, जिसमें 42 मामलों का निस्तारण हुआ है और पैरवी कर 15 लोगों को सजा दिलाई गयी। 27 लोगों को रिहा किया गया।

बैठक में बताया गया कि महिला अपराध के प्रकरणों में कुल 1261 मुकदमें लंबित थे, जिसमें 10 वादों का निस्तारण किया गया। इसमें पांच लोगों को सजा हुई है। पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणों में कुल 763 मुकदमें लंबित हैं। डीएम ने पक्षद्रोही वादों में सभी शासकीय अधिवक्ता से कहा कि पक्षद्रोही कम व सजा अधिक कराएं।

डीजीसी क्रिमिनल ने बताया कि दफा 3/25 में शस्त्र बरामद नहीं हुआ, के संबंध में उन्होंने पत्रावली बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में एसपी अमित आनन्द, एडीएम (वि/रा), आशीष सिंह, सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता, डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वरुण लाल, प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता तरुण चंद्रा, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे उपस्थित रहे।

### मिलावट में दो लोग दोषमुक्त

अभिहीत अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि दो वादों जिसमें राधेश्याम को एक वर्ष की सजा व एक हजार रुपये का अर्थदण्ड एवं विनोद को एक हजार का अर्थदण्ड कराया गया एवं दो वादों पर साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त किया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थ में मिलावट वाले प्रकरणों की पैरवी कर सजा दिलाने की कार्रवाई की जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि अपराध एवं अपराधियों पर सख्ती से पेश आकर कार्रवाई की जाए। जब अपराधियों को सजा होगी, तभी अपराधों में कमी आएगी और भयमुक्त वातावरण मिलेगा।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के एक गांव में किसी बात से नाराज महिला ने मकान के अंदर फांसी लगा कर अत्म हत्या करली। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

सदर कोतवाली के गांव रुदौली निवासी सुनील सिंह की 27 वर्षीय पत्नी ममता ने किसी बात से नाराज होकर मकान के अंदर फांसी लगा कर आत्म हत्या करली। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी ममता के मायके दी गई। परिजनों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

## सार-संक्षेप


पत्रकारों से बात करते एमएलसी लाल बिहारी यादव। अमृत विचार

### बहराइच दंगे में पुलिस की लापरवाही: लाल बिहारी यादव

**कन्नौज।** बहराइच दंगे में भाजपा की सोची समझी साजिस है। पुलिस यदि सक्रिय होती तो यह घटना ही नहीं होती। यह बात पार्टी कार्यालय में महर्षि बाल्मीकि की जयंती के अवसर पर पहुंचे नेता विरोधी दल विधान परिषद एमएलसी लाल बिहारी यादव ने कही।उन्होंने कहा कि बहराइच दंगा सुनियोजित था। भाजपा चुनाव जीतने के लिये हिन्दू मुस्लिम दंगे को मुद्दा बनाती है। कहीं न कहीं बहराइच दंगा पुलिसिया चूक का नतीजा है। सपा का प्रतिनिधि मण्डल दोनों पक्षो के घर जाकर पूरी सच्चाई को समझेगा। उन्होंने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा हर चुनाव में हिंदू-मुस्लिम को मुद्दा बना कर चुनाव जीतने का प्रयास करती है पर यह मंशा उनकी पूरी होने वाली नहीं है। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष कलीम खां के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


तहसील कन्नौज सदर सभागार में मौजूद लेखपाल संघ के पदाधिकारी।

### 22 वोट से राहुल को हरा शुभम बने अध्यक्ष

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ का द्विवार्षिक सदर तहसील कमेटी चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। अध्यक्ष व मंत्री पद पर वोट पड़े, जबकि अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। तहसील अध्यक्ष पद पर शुभम मिश्र को 30 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी राहुल गौतम को आठ मतों पर ही संतोष करना पड़ा। इस तरह शुभम मिश्र 22 वोट से चुनाव जीत गए। तहसील मंत्री पद पर तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतरे थे। इसमें विशाल चौरसिया को 26, रतन को आठ और अनुज को चार वोट मिले। इस तरह विशाल चौरसिया 22 वोट से विजयी रहे। इसी प्रकार पांच पदों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामधार वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी गौतम, उपमंत्री योगेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिनव गौतम व लेखा परीक्षक निखिल कुमार निर्विरोध चुने गए। निवर्तमान तहसील अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि सभी के सहयोग से लेखपाल संघ का चुनाव पारदर्शी व शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुआ। अध्यक्ष व मंत्री पद पर उनके ही टीम के साथी चुनाव जीते हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन मंडल में पर्यवेक्षक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, तहसील छिबरामऊ के मंत्री नितिन यादव व तिर्वा के मंत्री विवेक पाल शामिल रहे। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद विजेताओं का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। मिष्ठान वितरण भी हुआ।

### दहेज का सामान चढ़ाते समय गिरे युवक की मौत

**कन्नौज।** तीन दिन पहले भाई की शादी होने के बाद मिले दहेज के सामान को मकान की तीसरी मंजिल पर चढ़ाते समय युवक नीचे आ गिरा। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर शव घर ले गये। सदर कोतवाली के मोहल्ला सफदरगंज निवास टोला निवासी नजमुद्दीन (18) पुत्र गयासुद्दीन के भाई की शादी तीन दिन पहले हुई थी। दहेज में मिला सामान मकान के भूतल में ही रख दिया गया था। शादी के दो दिन बाद तीसरी मंजिल पर भाई-भाभी को कमरा दिया गया। इस कमरे में शादी में मिले सामान को रखने के लिये परिवार के लोग रस्सी के सहारे सामान को मकान के बाहर से चढ़ा रहे थे। सामान को खींचते समय नजमुद्दीन तीसरी मंजिल से नीचे आ गिरा। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए शव को घर ले गये।

### जेवर, कपड़ा व बच्चों को छीन दिया तीन तलाक

**तिर्वा।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों के उत्पीड़न के बाद पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। मामले में पीड़िता की तहरीर पर एसपी के आदेश से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गुनहा की मइया निवासी सुखवीना पुत्री किस्मत अली ने एसपी को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी थाना सौरिख के फूलराजपुर निवासी साजन अली पुत्र अनवरअली के साथ 12 दिसंबर 16 को उसके परिजनों ने खूब दान दहेज देकर की थी। शादी में मिले दहेज से खुश न होकर पति साजन अली, ससुर अनवर अली, जेठ हिरासत अली, जेठानी पूजा अतिरिक्त दहेज में एक बाइक व 50 हजार रुपये की मांग कर उसका उत्पीडन करने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुरालियो ने कई बार उसके साथ मारपीट की। उसके दो बच्चे भी हुए। साढ़े चार माह पूर्व गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जेवर, कपडा व बच्चे छीन कर पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। कई बार थाने में शिकायत करने बाद कार्रवाई नहीं हुई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कन्नौज और तिर्वा एसडीएम को चेतावनी

**कन्नौज।** जनता दर्शन व आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर एसडीएम कन्नौज रामकेश व तिर्वा के एसडीएम अशोक कुमार को चेतावनी दी गई है। साथ ही कहा गया है कि डिफाल्टर घोषित होने से तीन दिन पहले तक निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए। एडीएम न्यायिक/नोडल अधिकारी आईजीआरएस देवेंद्र सिंह ने जारी किए चेतावनी पत्र में कहा है कि तहसील तिर्वा इलाके के ठठिया निवासी सियाराम पुत्र भजनू ने जमीन पर कब्जा करने की शिकायत डीएम शुभ्रान्त शुक्ल से जनता दर्शन में की थी। यह प्रकरण 17 अक्टूबर को डिफाल्टर हो गया। नोडल अधिकारी ने बताया कि जबकि एसडीएम तिर्वा ने प्रकरण निस्तारण होने की जानकारी दी। उधर, आईजीआरएस प्रकोष्ठ के कर्मियों ने बताया कि विलंब से आख्या पोर्टल पर अपलोड की गई। इस वजह से अनुमोदित न होने से डिफाल्टर प्रदर्शित हो रही है। नोडल अधिकारी ने एसडीएम से कहा है कि भविष्य में शिकायतों की जांच कराकर गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। डिफाल्टर तारीख से तीन दिन पहले निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए। इसी तरह शहर के बजरिया शेखाना निवासी मोहम्मद कलीम पुत्र सलीम ने जमीन पर कब्जा किए जाने की शिकायत की थी। इस मामले में कन्नौज एसडीएम रामकेश के बिना हस्ताक्षर के ही आख्या पोर्टल पर अपलोड की गई। नोडल अधिकारी का कहना है कि आवेदक से बात करने के बाद ही स्पष्ट रिपोर्ट लगाई जाए। इसको लेकर पूर्व में भी निर्देश दिए जा चुके हैं। कर्मचारियों की आख्या आगे न बढ़ाई जाए। दोनों एसडीएम को पुनरावृत्ति होने पर कार्रवाई के लिए लिखने की चेतावनी दी।

### कृषि संजीवनी प्रशिक्षण का समापन

**जलालाबाद।** बैंक ऑफ़ इंडिया आरसेटी के तत्वाधान में कृषि संजीवनी अभियान के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके बाद बैंक लोन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। गुरुवार को बैंक ऑफ़ इंडिया आरसेटी स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बहेलियनपुरवा अनौगी में कृषि संजीवनी अभियान के तहत 35 प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिन्हें उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही, अग्रणी जिला प्रबंधक अमरेंद्र कुमार, मत्स्य विभाग से विजय सिंह ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। संस्था के निर्देशक नितिन कटियार ने बताया कि जो प्रतिभागी कृषि जंक्शन की दुकान शुरू करना चाहते हैं। उनके लिए बैंक ऑफ़ इंडिया से बैंक लोन प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रतिभागियों को बैंक लोन से संबंधित दस्तावेज तैयार कर बैंक में जमा करवाए गए। इससे कृषि संबंधित दुकान स्थापित कर सकें। बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि उपकरण बीज खाद एवं कृषि से संबंधित आवश्यकताओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सके। किसानों को नई तकनीक व खेती के आधुनिक तरीकों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी व प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी प्रतिभागियों को अपनी दुकानों का संचालन जल्दी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे इस पहल का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंच सके। कृषि जंक्शन से किसानों को उनकी खेती से संबंधित सभी वस्तुएं उचित दामों पर एक ही स्थान पर मिलेंगी। जिससे उनका समय और श्रम बचेगा व फसलों की बेहतर देखभाल व उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक जानकारी भी मिलेगी। जो किसानों की आय में वृद्धि करेगी।

# डीएपी, एनपी खाद की किल्लत से किसान परेशान

## बाजार में दुकानदार मनमाने रेट पर बेच रहे हैं खाद, 5-6 घंटे लाइन में लगने के बाद दो बोरी मिल रही है खाद

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिले में इन दिनों आलू की फसल बुआई के लिए खाद की भारी किल्लत है। डीएपी, एनपीके के लिए किसान बेहद परेशान हैं। सातनपुर आलू मंडी में इफ्को बाजार सातनपुर में सुबह 6 बजे से किसान खाद के लिए लाइन में लग जाते है। 5-6 घंटे बाद केवल दो बोरी एनपीके खाद बड़ी मुश्किल से मिल रही है। साथ में 600 रुपयें की नैनो भी दी जा रही है।

इसको लेकर किसान कौशल कुमार केवल नगला, इच्छाराम राजेपुर ब्लाक, रामसिंह खैराबाद ब्लाक बढ़पुर, राम लड़ैते समेत सैकड़ों किसानों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

उनका कहना है कि जिला प्रशासन खाद की काला बाजारी पर रोक नही लगा पा रहा है। बाजार में दुकानदार मनमाने रेट पर खुलेआम खाद बेच रहे है।



सातनपुर आलू मडी में इफको बाजार सातनपुर में एनपीके खाद के लिए किसान लाइन में लगे हुए। अमृत विचार



एनपीके खाद के साथ दी जा रही नैनो।

### बाजार में 1700 से 1800 रुपए में खुलेआम बेची जा रही एनपीके

**अमृतपुर संवाददाता** के अनुसार अमृतपुर तहसील क्षेत्र मे एक बड़े रकबे मे आलू की खेती की जाती है। आलू की बुआई के लिए किसानों की पहली पसंद डीएपी न मिलने से किसान काफी परेशान नजर आ रहा है। डीएपी की किल्लत तथा विकल्प के तौर पर एनपीके भी न मिल पाने से आलू की बुआई पिछड़ रही है जिससे किसानों में गुस्सा है। किसान रामसिंह, सतीश शर्मा ने बताया किसी भी भाव डीएपी बाजार में नही मिल पा रही है। सरकारी गोदामों पर भी लाइन मे लगने के बाद खाद नही मिल पा रही है। जिससे आलू की बुआई पिछड़ रही है। बाजार में दुकानदार मनमाने रेट मे एनपीके बेच रहे है। जिससे किसान को लागत लगाना मुश्किल लग रहा है। उन्होंने बताया बाजार मे दुकानदार 1700 से 1800 रुपए मे एनपीके बेंच रहे हैं। किसान देवेंद्र, रामाधार आदि लोगों का कहना है कि 15 सितंबर से आलू की बुआई के लिए खेत तैयार पड़ा है खाद के अभाव मे अभी तक बुआई नही हो पाई है। बुआई लेट होने से आलू के उत्पादन पर असर पडना तय है वहीं कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले मे जरूरत के हिसाब से पर्याप्त मात्रा मे उर्वरक उपलब्ध है। किसान को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा शासन को जनपद के किसानों हेतु पर्याप्त डीएपी व एनपीके की उपलब्धता के लिए पत्र लिखा गया था। जिसके बाद इफ्को कम्पनी की डीएपी व एनपीके की रैक लगने वाली है। जिसमें से जनपद को 22,000 बोरी डीएपी व 7,200 बोरी एनपीके0 प्राप्त हो रही है। इसके बाद तीन दिन के अन्दर इसी कम्पनी की एनपीके की 26,000 बोरी प्राप्त होंगी। इस सप्ताह आरसीएफ व पीपीएल कम्पनी की एनपीके 32,000 बोरी प्राप्त हो रही हैं। इसके अलावा सभी सहकारी समितियों पर पीसीएफ वफर गोदाम में रिजर्व एनपीके 20,000 बोरी को प्राथमिकता पर समितियों पर भेजने के आदेश जिलाधिकारी डा0वी0के0 सिंह द्वारा दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि नैनो डीएपी का मूल्य 600 रु0 प्रति 500 मि0ग्रा0 का प्रयोग एक एकड आलू की फसल में प्रयोग करें।

## तेज रफ्तार टैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, दो घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज क्षेत्र निवासी युवक अपने साथी के साथ भाई से मिलने के लिए अमृतपुर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज आया था। बड़े भाई से मिलकर वह बाइक से घर वापस जा रहा था। जमापुर मोड पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

थाना कमालगंज क्षेत्र के नगू नगला सौरभ गांव के ही अपने साथ ही रामू के साथ बाइक से बुधवार दोपहर को घर से निकला था। सौरभ के बड़े भाई गौरव अमृतपुर कस्बा स्थित कोल्ड स्टोरेज में काम करते हैं। शाम को सौरभ रामू के साथ भाई के पास पहुंचा। भाई से मिलने के बाद सौरभ अपने दोस्त रामू के साथ घर को वापस निकल गया। रामू बाइक चलाते हुए जब जमापुर मोड पर पहुंचा तभी सामने से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर घायल हो गए।

## सार-संक्षेप



डा.सोनेलाल का परिनिर्वाण दिवस मनाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### डॉ. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर चढ़ाए फूल

**शमसाबाद फर्रुखाबाद।** शमसाबाद के रजलामई स्थित एक विद्यालय में पार्टी के कार्यकर्ता विश्व प्रकाश चतुर्वेदी एडवोकेट व अपना दल एस के वरिष्ठ नेता सुबोध गंगवार के नेतृत्व में पार्टी के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कायमगंज विधानसभा के पूर्व विधायक अमर सिंह खटीक ने डॉ. पटेल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। जिसके बाद विद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि डॉ. सोने लाल पटेल ने काफी संघर्षो ब कड़ी मेहनत के बाद अपना दल पार्टी का गठन किया था तथा गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। उन्होंने हमेशा दबे कुचले शोषितों वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी। अपना दल एस के निवर्तमान प्रदेश मीडिया सचिव बौद्धिक मंच विश्व प्रकाश चतुर्वेदी एडवोकेट ने कहा कि हमे डॉ. सोनेलाल पटेल के बताए हुए मार्ग पर चलना है। उन्होंने भारत सरकार से डॉ. सोने लाल पटेल को भारत रत्न देने की भी मांग की। सुबोध गंगवार ने कहाकि डॉ सोने लाल पटेल के कहने पर 2009 में लोक सभा चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि वह जीवनपर्यंत डॉ. साहब के बताए मार्ग पर चलते रहेंगे। कार्यक्रम के बाद छात्रों एवं छात्राओं को फल ब मिष्ठान वितरित किया गया। इस दौरान संत कुइन्या के प्रधान प्रतिनिधि इस्लाम मंसूरी, अविनेंद सिंह गंगवार, सुनील राजपूत, नवनीत सैनी, अनुभव मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### लीवर इंफेक्शन के मरीज को एंबुलेंस में दिया प्राथमिक इलाज

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की संचालित 108 एंबुलेंस सेवा समय पर पहुंचकर मरीजों की जान बचाने के लिए 24 घंटे तत्पर रहती है। डॉक्टर राममनोहार लोहिया जिला अस्पताल से एक वृद्ध महिला शांति देवी पत्नी रामपाल जिनकी उम्र लगभग 85 वर्ष उनको लीवर मे इन्फेक्शन होने के कारण उनकी हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर के लिए रेफर किया गया। तब महिला के साथ आये व्यक्ति बलबीर सिंह ;पुत्र ने 108 पर कॉल की। जिसके बाद तुरंत दो मिनट में एम्बुलेंस पहुंच गयी। एम्बुलेंस से ईएमटी इन्द्रेश सिंह व पायलट नीरज कुमार ने मरीज को एम्बुलेंस मे शिफ्ट किया। ईएमटी इन्द्रेश सिंह अपनी सूझबूझ से लखनऊ में कुशल डॉक्टर माधवेन्द्र से सम्पर्क कर मरीज की अवस्था की जानकारी दी तथा परामर्श लेकर उचित देखभाल करते हुए कानपुर के लाला लाजपत राय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मरीज का इलाज़ चल रहा है। तीमारदार बलवीर सिंह ने एम्बुलेंस स्टॉफ व 108 एंबुलेंस सेवा की प्रसंशा की है।


मृतक घर्मेन्द्र उर्फ पुजारी की पत्नी नेमा देवी परिजनों के साथ रोती हुई। अमृत विचार

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत, पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव गनीपुर निवासी धर्मेंद्र उर्फ पुजारी 11 अक्टूबर से गायब था। उसकी दूसरी पत्नी ने बताया कि 15 अक्टूबर को अमित और रवि धर्मेंद्र को घर पर छोड़ गए थे। 16 अक्टूबर को उसकी हालत बिगड़ गई। बुधवार सुबह जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया। गुरुवार सुबह लगभग 4 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर जय सिंह ने शव को मोर्चरी में रखवा कर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस सूचना भेजी है। मृतक की पत्नी नेमा देवी ने आरोप लगाते हुए बताया कि कोई जमीन बेची गयी थी। उसी के कमीशन को लेकर अमित और रवि मेरे पति को घर से लेकर गए थे। मेरे पति के साथ इन लोगो ने क्या किया हैं। मुझे पता नही है इसलिए पति के शव का पोस्टमार्टम करवाएंगे। नेमा देवी पति धर्मेंद्र उर्फ पुजारी के साथ थाना कादरीगेट क्षेत्र में स्थित सातनपुर सिंह वाहिनी कॉलोनी में रह रही थी।

### सपा कार्यालय पर महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई

**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में मनाई गई। सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर सपा के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने वहां मौजूद समस्त नेताओं के साथ पुष्प अर्पित किए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस प्रकार महर्षि वाल्मीकि ने रामायण लिखी, उसी से सीखकर हमें अपना आचरण भी रखना चाहिए। आपस में प्रेम व भाईचारा बनाने का संदेश भी महर्षि वाल्मीकि ने दिया है। जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना, जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने कहा कि वाल्मीकि, संस्कृत रामायण के प्रसिद्ध रचयिता हैं जो आदिकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। सदर विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, रामपाल सिंह यादव, जिला अध्यक्ष युवजन सभा शिवम यादव, शिव शंकर शर्मा, नीलम सिंह चौहान आदि ने भी महर्षि बाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम में बलराम सिंह यादव, मुख्तार आलम, योगेंद्र नाथ मिश्रा, अर्चित मिश्रा, कार्यक्रम के प्रभारी विजय अनुरागी सभासद, संजीव सिंह अंबेडकर, विनीत परमार, कर्ण सिंह, सुनील यादव, विक्रम सिंह, अरविंद शर्मा, राजीव कुमार, सह मीडिया प्रभारी रवी यादव, नगर अध्यक्ष नवाबगंज अश्वनी यादव आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। संचालन जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने किया।

## एक नजर

### खेत के बंटवारा को लेकर छोटे भाई ने मारी ईंट, घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी मुकेश को गंभीर घायल हालत में पुलिस मेडिकल व इलाज के लिए सीएचसी लाई। जहां इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि मुकेश का छोटा भाई शौकीन 11 साल से खेत जोत रहा है। उससे कई बार कहा कि इस बार फसल मुकेश करेगा। इस पर शौकीन ने हमेशा यहीं कहा कि अगली साल तुम कर लेना और ऐसा करते करते ग्यारह साल हो गए। बुधवार की शाम मुकेश ने शौकीन से कहा कि अब खेत का बंटवारा कर लो बस इसी बात पर शौकीन ने मुकेश को ईंट मार कर गंभीर घायल कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मार्ग दुर्घटना में 4 घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग-अलग स्थानों पर जनपद बदायूं के थाना दातागंज के गांव दाका निवासी जितेंद्र (30) व सुनील कुमार (34) कम्पिल क्षेत्र के गांव जिजौटा निवासी सुधा देवी (50) पत्नी राजेश व जनपद एटा के थाना अलीगंज निवासी अंबुज शाक्य का 7 वर्षीय पुत्र लक्ष्य घायल हो गये सभी घायलों को आसपास के लोगों ने सीएचसी भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने सुनील व सुधा देवी को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

### दंबग ने दंपति को पीटा अस्पताल में भर्ती

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव हादीदादपुर निवासी देवेंद्र की पत्नी पिंकी से जानवरों को लेकर अवधेश से विवाद हो गया। तभी अवधेश ने पिंकी को पीट दिया। विरोध करने पति देवेंद्र को भी पीटकर घायल कर दिया। घायल देवेंद्र को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया।

### महिला की इलाज के दौरान हुई मौत, छाया मातम

**फर्रुखाबाद।** थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव पुठरी निवासी गौरव की 26 वर्षीय पत्नी निशा के पेट मे पथरी थी। परिजनों ने बुधवार रात 10 .30 बजे निशा को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। देर रात 12 .45 पर इलाज के दौरान निशा की मौत हो गई।

# जब तक सूरज चांद रहेगा बौद्ध धर्म का नाम रहेगा

कार्यलय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बुद्ध महोत्सव के अवसर पर गुरुवार सुबह धम्मा लोंको बुद्ध विहार से धम्म यात्रा कड़ी सुरक्षा में निकाली गई। भिक्षु डॉ धम्मपाल महाथैरो ने झांकी पर सजाई गई बुद्ध की प्रतिमा के सामने मोमबत्ती व अगरबत्ती जलाकर पूजन किया। भाजपा विधायक सुशील शाक्य के न पहुंचने पर महोत्सव के आयोजक कर्मवीर शाक्य ने पंचशील ध्वज लहराकर धम्म यात्रा को रवाना किया। पंचशील ध्वजों को लहराते हुए बौद्ध अनुयाई स्तूप की ओर रवाना हुए। इस दौरान बौद्धों ने जब तक सूरज चांद रहेगा बौद्ध धर्म का नाम रहेगा, बौद्ध धर्म की क्या पहचान मानव मानव एक समान आदि के जोरदार नारे लगाए।

यात्रा के आगे एसडीएम सदर एवं सीओ के नेतृत्व में भारी पुलिस बल रवाना हुआ। सुरक्षा के लिए संकिसा गांव में बेरीकेटिंग लगाकर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। स्तूप परिसर का गेट बंद होने के कारण वहां हजारों स्त्री-पुरुष व बच्चे पूजन के लिए मौजूद थे। सुबह 7 बजे अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह स्तूप परिसर का मुख्य गेट खुलवाया। तभी मौजूद लोगों में अंदर घुसने के लिए जोर अजमाइश की गई। गेट से ही सकरे रास्ते के दोनों और बेरीकेडिंग होने के कारण आगे बढ़ाने में दिक्कत हुई। जिस पर एसपी ने एक बेरीकेडिंग हटवा दी। थोड़ी देर बाद ही धम्म यात्रा प्रवेश कर गई। स्तूप का पहला चक्कर लगाते ही धम्म यात्रियों को वृक्षों वाले मैदान में जाने को कहा गया। जिलाधिकारी ने आयोजक को 10 बजे तक स्तूप परिसर खाली करने की हिदायत दी थी। उससे पूर्व ही करीब 9:30 बजे पूजन कार्यक्रम खत्म हो गया। करीब 10.30 बजे मां विसारी देवी समिति के अतुल दीक्षित करीब आधा सैकड़ा साथियों के साथ पहुंचे। पांच लोगों ने स्तूप के ऊपर जाकर पूजन किया और खीर पूरी वितरित की। वहीं जन अधिकार मंच के राष्ट्रीय संरक्षक एवं सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने संकिसा बुद्ध महोत्सव में बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने बुद्ध अनुयाइयों को सलाह दी कि समाज सेवा के लिए नवयुवक बौद्ध भिक्षु भंते बनें।


सकिसा में धार्मिक स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व एडीएम। अमृत विचार


जौनपुर से सपा सांसद बाबू सिंह कुशवाहा संकिसा पहुंचे। अमृत विचार

- **संकिसा परिसर में भीड़ बढ़ने पर एसपी ने खुलवा दी एक बेरीकेडिंग**

## चीनी मिल प्रबंध समिति के 11 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** किसान सहकारी चीनी मिल के प्रबंधन समिति के चुनाव में 11 सदस्य निर्विरोध चुने गये। चुने गये सदस्य ही सभापति उपसभापति का करेंगे। उप जिलाधिकारी ने इन सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किये।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि सभी निर्वाचित प्रबंधन कमेटी के सदस्यों को बताया गया है कि शुक्रवार को सभापति, उपसभापति व अन्य समिति के प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया जायेगा। उप जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को 11 से 12 बजे तक नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जायेंगे, 12से12.30 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों का परीक्षण किया जायेगा। 12.30 से 1.30 बजे तक वैध नामों की घोषणा की जाएगी। यदि आवश्यकता पड़ी तो 3 से 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

# लोधी लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

कार्यलय संबाददाता

**अमृत विचार** फर्रुखाबाद । अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन वर्मा डेविड का ज़ोरदार स्वागत किया गया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सदर विधायक एटा विपिन वर्मा डेविड को प्रति निहित विधायन समिति का सभापति बनाये जाने पर समाज के लोगों ने पुनपालपुर संकिसा में डॉ पन्ना लाल राजपूत के प्रतिष्ठान पर फूलमाला व प्रतीक चिन्ह पगड़ी व शाल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया।

स्वागत से अभिभूत होकर डेविड ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों ,अंधविश्वासों झूठे आडंबरों तथा नशा मद्यपान को जड़ से समूल नष्ट करने के लिए हमको जागरूक होना पड़ेगा। फिजूलखर्ची छोड़कर बच्चों को शिक्षित करना होगा तभी हमारे समाज का विकास और उत्थान संभव है। पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि हमारे खेतों में बहुतायत से उर्वरकों व कीटनाशकों के प्रयोग से जमीन बंजर होती जा रही है इसलिए इनका कम से कम इस्तेमाल करें।

प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, जिलाध्यक्ष महेशचंद्र राजपूत ए जिला पंचायत सदस्य राम औतार लोधी , भाजपा जिला मंत्री डा धर्मेन्द्र राजपूत ,राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामलड़ैते राजपूत , प्रेमपाल राजपूत एडवोकेट ए नशा मुक्ति अभियान के विक्रांत सिंह राना, भाकियू नेता हरलाल सिंह राजपूत , मीडिया प्रभारी अरविन्द राजपूत , युवा मोर्चा अध्यक्ष आनन्द लोधी , भाजपा नेता पुष्पेन्द्र राजपूत , डा पन्ना लाल राजपूत , डा सतेंद्र राजपूत , धनीराम वर्मा पंकज राजपूत एडवोकेट , किसान नेता हरिनाथ राजपूत , अध्या,पक अमरसिंह राजपूत , केसराम राजपूत , शिवकुमार राजपूत , रमेशचन्द्र राजपूत ,अजय राजपूत फौजी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूमि विकास बैंक अलीगंज अध्यक्ष डा वीरेन्द्र सिंह राजपूत व संचालन जिला पंचायत सदस्य संदेश राजपूत ने किया।



अखिल भारतीय लोधी लोध महासभा व समाज के लोगों ने पुनपालपुर संकिसा मे स्वागत किया। अमृत विचार

**भव्य आयोजन** तरह-तरह के झूले व खानपान के स्टाल महोत्सव को और आकर्षक बना रहे

# महोत्सव में गौरिल्ला व स्टेच्यू आर्कषण का केन्द्र बना

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद हस्तशिल्प महोत्सव में दिनों-दिन भीड़ उमड़ रही है। महोत्सव में गौरिल्ला व स्टेच्यू युवतियों, महिलाओं, युवाओं व बच्चों के लिए आर्कषण का केन्द्र बना हुआ है। साथ ही तरह-तरह के झूले व खानपान के स्टाल महोत्सव को और आकर्षक बना रहे हैं।

हैंडलूम हस्तशिल्प महोत्सव में भीड़ बढ़ती जा रही है। दोपहर से ग्रामीणों का आना जाना शुरू हो जाता है । वहीं शाम होते ही शहर के लोगों व युवतियों, महिलाओं, युवाओं तथा बच्चों का हुजूम उमड़ पड़ता है। महोत्सव में उत्तर प्रदेश के जिलों के अलावा अन्य प्रदेशों के भी दुकानदार अपने-अपने स्टाल कपड़े, लुधियाना की गर्म होजरी, बच्चों के आकर्षक खिलौने, महिलाओं के लिए आर्टिफिशियल ज्वेलरी, विभिन्न प्रकार के कॉस्मेटिक आइटम्स मौजूद है।

महोत्सव में बृजवासी रेस्टोरेंट और फास्ट फूड सेंटर पर लज़ीज़ व्यंजनों की भरमार है। युवक-युवतियां रेस्टोरेंट पर लजीज व्यंजनों को खाकर आनंद ले रहे हैं। महोत्सव में तमिलनाडु के फेमस पापड़ की विभिन्न प्रकार की बैरटियां मौजूद है। इसी काउंटर पर दूधिया हींग भी मौजूद है जो कि गुणवत्ता पर खरी है। हाथ की बनी हुई आकर्षक कालीन कम दामों पर उपलब्ध है। छोटे बच्चों को बैठकर घूमने के लिए छोटी थार गाड़ी रिमोट से चलाई जा रही है। वहीं महोत्सव में बच्चों के लिए कई प्रकार के झूले उपलब्ध हैं। जिनका बच्चे मजा ले रहे है। अमेरिकन भुट्टा का स्टाल भी शहर के लोगों को अपनी और खींच रहा है।

बैम्बो से बनी हुई महिलाओं के लिए आकर्षक के लिए पर्से व अन्य आइटम महिलाओं को खूब लुभा रही है । महोत्सव में फिरोजाबाद की मशहूर चूड़ी के काउंटर लगे हैं, करवा चौथ पर महिलाओं की चूड़ी के काउंटरो पर भीड़ बढ़ रही है। महोत्सव मे आकर्षक साज सज्जा व लाइटिंग देखते ही बनती है। महोत्सव के व्यवस्थापक गौरव दुबे सुशील ने बताया कि फर्रुखाबाद हैंडलूम हस्तशिल्प महोत्सव में गौरिल्ला व स्टेच्यू सभी के लिए आर्कषण का केन्द्र बना हुआ है। महोत्सव 10 नवंबर तक चलेगा।


महोत्सव में गौरिल्ला व स्टेच्यू लोगो को लुभाता हुआ। अमृत विचार


महोत्सव में लगातार बढ़ रही भीड़। अमृत विचार

## बीएसएनएल प्रदेश सचिव ने लगाई मांगें पूरा कराने की गुहार

**फर्रुखाबाद।** जिला फर्रुखाबाद में एनएफटीई, बीएसएनएल की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह की अध्यक्षता में होटल हिदुस्तान में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मुकेश राजपूत सांसद फर्रुखाबाद व प्रभूदत्त द्विवेदी एमएलसी ने बीएसएनएल को उच्च शिखर पर ले जाने हेतु चर्चा की। उप्र. पूर्वी परिमंडल के समस्त जिला सचिवों ने भाग लेकर अपने विचार व्यक्त किए। प्रांतीय सचिव संजय दुबे ने सांसद मुकेश राजपूत के कर्मचारियों के रिवीजन जो कि 2017 का बकाया है,जो कि नही हो पा रहा है जिससे कर्मचारियों में रोष है। इसी तरह सेवानिवृत हुए चार लाख लोगो का पेंशन रिवीजन भी नही हुआ है इसकी मांग भी महामंत्री संजय दुबे ने जोरदार तरह से उठाई। अध्यक्ष संजीव कुमार, सचिव सुनील कुमार अग्निहोत्री, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर गुप्ता व स्टाफ रहा।

# देश का इस्लामीकरण करने वाली शक्तियों के बढ़े हौसले

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** बहराइच में हुई घटना को लेकर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी ने विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। खासकर अखिलेश यादव को भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने निशाने पर लिया।


प्रेसवार्ता करते हुए एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की सीटें बढ़ने से हिंदू विरोधी व राष्ट्र विरोधी ताकतें जो देश का इस्लामीकरण करना चाहतीं हैं। ऐसी ताकतों के हौसलों में कुछ इजाफा हुआ है। मोदी, योगी के रहते इस तरह की विघटनकारी ताकतों को कुचलने का काम मजबूती से होगा। बहराइच हिंसा पर अखिलेश यादव के बयान पर उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि किसी अपराधी और हत्यारे पर पुलिस कार्रवाई करती है तो अखिलेश यादव उसकी जाति ढूंढ़ने लगते हैं। अपराधी किस जाति का है उस जाति का नेता ढूंड़ते लगते हैं। अपराधी जिसकी हत्या करते हैं अखिलेश यादव उसकी जाति कभी नहीं ढूंढ़ते। अखिलेश यादव किसी मानसिक परेशानी लग रहे हैं उन्हें सोचना चाहिए कि वह क्या कर रहे हैं और क्या कह रहे हैं। उन्हें आने वाले उपचुनाव हों या 2027 के चुनाव में जनता जवाब देगी। बहराइच में रामगोपाल मिश्रा की हत्या के मामले पर कहा कि अखिलेश के मुंह में इस घटना को लेकर दही जम गया है।समाजवादी पार्टी की राजनीति है कि मुसलमानों को इकट्ठा कर उनका वोट लो और हिंदुओं को जाति में बांटो, जिसका जनता जवाब देगी।

## एक नजर

### दुष्कर्म के प्रयास का मामला किया गया दर्ज

**जसवंतनगर, इटावा।** घर में घुसकर युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 21 वर्षीय युवती ने आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस में रहने वाले युवक रोहतास ने रात के समय उसके घर में घुसकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया जिस पर पुलिस मामला दर्ज कर युवती का चिकित्सकीय परीक्षण कराया और नामजद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### अधेड़ की अचानक गिरने से मौत

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा शमशेर खां में वुधवार की शाम को एक अधेड़ व्यक्ति अचानक जमीन पर गिर पड़ा। जिससे उसको काफी चोटें आई। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिवार के लोग उसके शव को अपने घर ले गए। उक्त मोहल्ला निवासी शिव कुमार 52 वर्ष पुत्र राम स्वरूप वुधवार की शाम को वह घर के पास जा रहे थे तभी अचानक जमीन पर गिर पडे। जिससे उसके अंदरूनी चोटें आई। परिवार के लोग उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए।

### विद्युत शिविर आज

**महेवा, इटावा।** उपखंड अधिकारी बकेवर के संयोजन में 18 अक्टूबर को विद्युत शिविर में राजस्व वसूली ,बिल संशोधन सहित बकायेदारों के संयोजन ,विच्छेदन आदि कार्य भी होंगे । अवर अभियंता विद्युत उमेश राजन ने उपभोक्ताओं से आयोजित कैंप में लाभ उठाने का आह्वान किया है।

### महिला को मारपीट कर किया घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** क्षेत्र के एक ग्राम में उसके ही परिवार के 4 लोगों ने एक महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की पुत्री ने पुलिस से शिकायत की है। क्षेत्र के गांव भगवानपुरा में एक महिला को उसके ही परिवार के चार लोगों ने बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला सत्यवती देवी की बेटी अनीता ने बताया कि जब उसकी मां घर में थी, तभी चाची, चाची की बेटी और दो बहुओं ने हमला कर सिर में लोहे के पाइप मार दी।

### पुलिस से किसानों की हुई नोकझोंक, बेबस दिखे खाद वितरक

# किसानों का आरोप, नेताओं ने अपने चहेतों को दिला दी खाद

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा



किसान नेताओं के साथ पुलिस की हो रही झड़प। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएपी खाद की मारा मारी चल रही है। खाद के लिए किसान इधर-उधर भटक रहा है। किसी केंद्र पर खाद आने की खबर मिलते ही भारी भीड़ टूट पड़ती है। गुरुवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति पर भी ऐसा ही हुआ किसान यूनियन के नेता भी वहां आ धमके। नेताओं ने जल्दी-जल्दी खाद बटवा कर हुल्लड़बाजी को बंद कराया।

क्रय विक्रय सहकारी समिति पर मात्र 300 बोरी डीएपी खाद आई। यह पता चलते ही सुबह से ही भारी भीड़ समिति के बाहर कार्यालय पर जमा हो गई। इस पर बिक्री केंद्र के जरिए प्रत्येक किसान को दो दो बोरी डी ए पी खाद वितरित की जाने लगी। कुछ देर बाद किसान यूनियन के एक गुट की टीम वहां पहुंच गई और उसने पांच-पांच बोरी प्रति किसान वितरण करवाना शुरू कर दिया । कुछ ही देर में सभी बोरियां बट गई और लाइन में लगे वास्तविक किसान बिना खाद लिए मायूस होकर वापस लौट गए। किसानों ने आरोप लगाया कि नेताओं ने हो हल्ला करके अपने चाहतों को लाभ दिलाया है। हम वास्तविक किसान लाइन में लगे हुए थे खाली हाथ वापस जा रहे हैं। खाद बिक्री केंद्र पर भारी भीड़ को देखते हुए केंद्र प्रभारी ने पुलिस को भी बुला लिया था और पुलिस ने वहां भीड़ को नियंत्रित भी किया। सिटी इंचार्ज राजकुमार सिंह पुलिस बल के साथ खाद वितरण के समय वहां मौजूद रहे किसान यूनियन के नेताओं से उनकी कई बार नोकझोंक भी हुई।

### खाद की आपूर्ति को लेकर कल कचहरी पर होगा प्रदर्शन

**इटावा।** किसान सभा इटावा ने डीएपी के अभाव, खाद वितरण में धांधली, कालाबाजारी रोकने, जरूरतमंद किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराने, डीएपी के साथ नैनो और जिंक खरीदने के लिए किसानों को मजबूर न करने तथा नकली खाद्य बिक्री को रोकने के लिए शासन और प्रशासन से तुरंत प्रभावी कदम उठाने की अपील की। किसान सभा के जिला मंत्री संतोष शाक्य ने बताया कि सहकारी समितियां –संघों पर खाद के लिए किसान भटक रहे हैं । समितियो– संघों के कुछ पदाधिकारी व अन्य दबंग स्वयं और अपनों को थोक में खाद दिलवा रहे हैं। आलू, लहसून, गेंहू आदि की बुवाई के समय खाद की जबरदस्त मांग का लाभ उठाते हुए कालाबाजारी और नकली खाद के खिलाड़ी भी सक्रिय है। किसान सभा जिला मंत्री ने बताया कि 19 अक्टूबर को खाद की उक्त समस्याओं, धान उत्पादन में नुकसान की भरपाई और रेलवे द्वारा इटावा बाईपास के लिए कानून का उल्लंघन कर बिना मुआवजा भुगतान के भूमि लिए जाने के विरोध में कचहरी पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना के दोषी को मिली एक साल की सजा

**इटावा।** अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने एक व्यक्ति को टक्कर मारने व उसकी मौत हो जाने के बीस साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया । दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे एक साल की सजा दी। इसके अलावा उस पर साढे तीन हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार अरविंद्र कुमार निवासी रम्पुरा औरैया ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसका भाई अजमेर सिंह अपनी बाइक से दावत खाकर 17 जून 2004 को भरथना आ रहा था जब वह विधूना रोड पर इटैली मार्ग के पास पहुंचा तभी कार सवार ने कार को लापरवाही के साथ चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर जा गिरा। सिर में गंभीर चोट आने पर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सुनवाई अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में हुई। अभियोजन अधिकारी जगदीश प्रसाद के द्वारा पेश साक्ष्यों पर कोर्ट ने सुरेश चंद्र का दोषी पाया और एक साल की सजा व साढ़े तीन हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

# चौविया थानाध्यक्ष के खिलाफ केस दर्ज

● एससी-एसटी एक्ट मारपीट की धाराओं में दर्ज

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट रामचंद्र यादव ने पूर्व चौविया थानाध्यक्ष मंसूर अहमद के खिलाफ बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रहे बलवीर जाटव से जाति सूचक गाली देने व मारपीट को लेकर पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। थाना चौबिया पुलिस के द्वारा कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए मंसूर अहमद के खिलाफ एससी एसटी एक्ट व मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके जांच शुरू कर दी है। इस समय मंसूर अहमद ऊसराहार के थानाध्यक्ष हैं।

चौबिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मूंज के रहने वाले बलवीर जाटव ने न्यायालय में मंसूर अहमद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का प्रार्थना पत्र दिया था। बलवीर जाटव ने बताया 8 जनवरी 2024 को मंसूर अहमद उसके पड़ोसी अर्जुन को जाति सूचक गाली व मारपीट करते हुए निकले इस पर बलवीर ने पूछा तो उसके साथ भी जाति सूचक गाली देते हुए लात मार कर जमीन पर घसीटा। जब उसने घटना का वीडियो बनाया तो मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया। घटना को गांव के लोगों ने देखा। थानाध्यक्ष की शह पर ही गांव के दो लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट कराने गया तो फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी दी। उसने डाक द्वारा एसएसपी के अलावा कई अधिकारियों को प्रार्थना दिए परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।

# दशहरा उत्सव की सफलता ने बढ़ाया हौंसला, अब नई ऊर्जा से करेंगे कार्य

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● सफलता में समाज के हर व्यक्ति का श्रेयः कुन्नू भैया



विकास सिंह भदौरिया।

**अमृत विचार।** क्षत्रिय स्वाभिमान मंच के अध्यक्ष विकास सिंह भदौरिया उर्फ कुन्नू भैय्या ने कहा कि दशहरा महोत्सव के कार्यक्रम की अपार सफलता ने सभी पदाधिकारियों को सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा एवं हौंसला दिया है। सभी पदाधिकारी नई ऊर्जा के साथ समाज के उत्थान और सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के काम में पूरी तन्मयता से जुटेंगे। महोत्सव की सफलता का पूरा श्रेय इटावा ही नहीं आसपास के जिलों के हर गांव मुहल्ले से पधारे क्षत्रिय भाई बहनों के सहयोग को जाता है। हम एक एक व्यक्ति के ॠणी रहेंगे। अपने सेवा कार्यों से एक एक व्यक्ति के ॠण को चुकाने का प्रयास करेंगे।

पत्रकारों से बातचीत में कुन्नू भैय्या ने कहा कि दशहरा महोत्सव की सफलता से बौखलाये कुछ मानसिक रोगियों ने मंच के होडिंग , पोस्टर आदि फाड़े । लोगों को डरा धमका कर महोत्सव में आने से रोकने का व्यापक स्तर पर काम किया गया ।

वे इटावा के क्षत्रिय भाई बहनों को नमन करते हैं उन्होंने सभी धमकियों को दरकिनार करते हुए कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में शामिल होकर एकजुटता का परिचय दिया।

उन्होंने कहा कि संगठन समाज के युवाओं के लिए प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसर खोजकर नोकरी लगवाने में सहायता करता है। बीमारों जरूरत मंदों, गरीब लड़कियों की शादी विवाह में, शिक्षा क्षेत्र में तथा संकट में समाज के भाई बहनों के साथ खड़े रहने का काम करता है।

इस अवसर पर संगठन के सतेन्द्र भदौरिया, महेन्द्र चौहान, बीनू भदौरिया, दीपू चौहान, सर्वेश तोमर, सत्ते भदौरिया, शैलेन्द्र चौहान , धमेंद्र चौहान, कैप्टन शैलेन्द्र सिंह, अनिल चौहान,उदय चौहान, नारायण भदौरिया,संजय तोमर, गुड्डू राजावत, अभय सिंह, समीर सिंह, रामवीर सिंह, अंशू सिंह, लादेन सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिलाएं सामाजिक कुरीतियों को दूर करें

कार्यालय संवाददाता, इटावा



विधायक सरिता भदौरिया को प्रतीक चिंह देती वीरांगना इकाई की पदाधिकारी।

● अभा क्षत्रिय महासभा वीरांगना इकाई का सम्मान समारोह

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना इकाई की तरफ से व्हाइट हाउस होटल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में क्षत्रिय महिलाओं नें प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया, विशिष्ट अतिथि डा सीमा सिंह ने उदघाटन किया । कार्यक्रम में वीरांगना इकाई की प्रदेश अध्यक्ष स्मृति सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना, उपाध्यक्ष युवा नीतू सिंह, मंडल उपाध्यक्ष अंजना सिंह ने अतिथियों का पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंटकर सम्मान किया गया साथ ही एक दर्जन वीरांगनाओं का समाज में सहयोग करने के लिए भी शौर्य प्रतीक देकर सम्मान किया गया। बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों का भी सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि ने सरिता भदौरिया ने कहा कि आप सभी क्षत्रिय हैं, आप सबसे उम्मीद है मिलकर अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए अपने परिवार के बच्चों को शिक्षा दें। डॉ सीमा सिंह ने कहा सामजिक सरोकारों में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। सीमा जादौन ने वीरांगना बहनों में ऊर्जा का संचार किया। यशिता सिंह ने सरस्वती वंदना की। संचालन आरोहिका चौहान ने किया। आयोजन को सफल बनाने में वंदना सिंह,अंजना सिंह, शुभा राजावत, अनीता चौहान,अनुपम भदौरिया,गौरी राजावत की अहम भूमिका रही।

## जाल डाल कर धड़ल्ले से हो रहा मछलियों का शिकार

**बसरेहर, इटावा।** विकासखंड बसरेहर क्षेत्र के अंतर्गत थाना चौबिया से निकलने वाली अन्हैया नदी में जाल डालकर मछलियों का अवैध शिकार हो रहा है। नदी में जाल डालकर अवैध तरीके से रोक लगाकर बड़ी तादात में नवजात मछलियां पकड़ी जा रही हैं। ठेकेदारों के हौसले इतनी बुलंद हैं कि बिहार से पकड़ने वाले लोगों को बुलवाकर बड़े पैमाने पर इनका शिकार किया जा रहा है। नवजात मछलियों को पिछले आठ दिन से थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रैपुरा के गांव मुहासी के पास में नदी में जाल लगाकर पकड़ा जा रहा है उन्हें सुखाकर बोरियों में भरकर बिक्री के लिए भेज दिया जाता है ।

# किशोर की डंडों से पिटाई का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की

**अमृत विचार।** इकदिल थाना क्षेत्र के गांव बिरारी में गेहूं पिसाने के लिए गए एक किशोर के उसके ही गांव के तीन युवकों ने डंडों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान युवक नाली में गिर गया। गांव के लोगों के आ जाने पर मारपीट करने वाले भाग निकले। किसी से इसका वीडियों बना कर उसे वायरल कर दिया। मारपीट में किशोर के सिर में काफी चोटें आई। किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

क्षेत्र के गांव नगला दलप निवासी श्याम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसका पुत्र शिशुपाल सिंह गेहूं पिसाने के लिए गया था । मौका पाकर उसके ही गांव के सूरज, साहिल कठेरिया व दीपक कठेरिया ने उसके साथ डंडो से मारपीट की। मारपीट में शिशुपाल के सिर में काफी चोटें आई वह नाली में गिर पड़ा। चीख पुकार सुन आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। इसी बीच किसी ने मारपीट करने का वीडियों बनाकर वायरल कर दिया। मारपीट का वीडियों वायरल होने पर पुलिस ने पीड़ित के पिता की तहरीर पर तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

**कार्रवाई के निर्देश** विधान परिषद की शिक्षा व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति ने ली बैठक, सेंट मेरी के प्रधानाचार्य वाहन संचालन की व्यवस्था करें

# क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, इटावा



विधान परिषद की जांच समिति की बैठक में सभापति मानवेंद्र प्रताप सिंह व विधायक।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति की समीक्षा बैठक सभापति एमएलसी मानवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में हुई । बैठक म क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर और उच्च शिक्षा विभाग के नामित नोडल अधिकारी पंचायत राज राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डा श्याम पाल सिंह के अनुपस्थित व सूचना संकलन का डाटा उपलब्ध न कराने के कारण उनके प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में बगैर मान्यता के चल रहे स्कूलों की जांच कर सूची समिति को उपलब्ध कराई जाए ।

कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज की समीक्षा के दौरान सुविधा को लेकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार विज्ञापन के माध्यम से कराने तथा 15 दिन के अंदर इसकी आख्या समिति को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अनाधिकृत वाहनों का चालन अवश्य किया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को जनपद के सभी स्कूलों को पत्र भेजने हेतु एवं परमिशन लेकर वाहन संचालित किए जाने के लिए कमेटी बनाकर जांच किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेंटमेरी के प्राचार्य के साथ एवं जिला विद्यालय निरीक्षक, परिवहन विभाग तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर सेंट मेरी स्कूल के बच्चों के लिए परमिशन लेकर वाहन संचालित, वाहन की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। उन्होंने एआरटीओ को बैठक में तैयारी के साथ ना आने पर स्पष्टीकरण समिति के सम्मुख प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में बीएसए कार्यालय के सभी कर्मचारियों का एरियर ,जी पी एफ तथा अन्य भुगतान को लेकर मुख्य विकास अधिकारी को समिति बनाकर जांच कर भुगतान कराए जाने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि बीएसए कार्यालय के कितने अध्यापकों को निलंबित किया गया, कितने बहाल किए गए इसकी सूची समिति को तत्काल उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग के जो भी कर्मचारी अधिक समय से निलंबित हैं उनकी जांच कर कर उनको तत्काल बहाल कराया जाए। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रितों को संवेदना के साथ निर्णय लेकर समय से बहाल अवश्य कराया जाए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सैफई मेडिकल के रजिस्ट्रार डॉक्टर चंद्रवीर ने बताया गया की लिफ्ट की संख्या के सापेक्ष लिफ्ट ऑपरेटर की संख्या बहुत ही कम है ,जिस पर कर्मचारियों की शिफ्ट वार ड्यूटी लगाकर लिफ्ट ऑपरेटर हर संभव उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि सैफई मेडिकल कॉलेज की सूची समिति को सदन में जल्द से जल्द उपलब्ध करा दें। बैठक के दौरान समिति के सदस्य विजय बहादुर पाठक,मुकुल यादव, अवनीश सिंह चौहान,डा आकाश अग्रवाल, अंगद सिंह, सदर विधायक सरिता भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम,अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव सहित अन्य समिति के सदस्य गण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पलक झपकते ही प्रभु राम ने धनुष के दो खंड कर दिये

**ताखा, इटावा।** ऊसराहार में रामलीला महोत्सव समित के तत्वावधान में चल रही रामलीला में धनुष भंग के आयोजन में भारी भीड उमड़ी। श्रीराम विवाह का साक्षी बना प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकारों ने मंच पर उच्च कला का प्रर्दशन किया । रावण एवं बाणासुर का संवाद काफी रोचक रहा। जनक के विलाप ने सबकी आखें नम कर दी। जब कोई राजा धनुष नहीं तोड़ पाया तो जनक ने कठोर बचन कहे। जिन्हें सुन लक्ष्मण को क्रोध आ गया। विश्वामित्र ने राम को धनुष तोड़ने का आदेश देकर सबका संताप हर दिया। राम जी ने पलक झपकते धनुष के दो ख़ंड कर दिये तो रंग में भंग करने परशुराम जी मिथलापुरी आ पहुंचे । परशुराम ने धनुष तोड़ने वाले को सामने आने की चुनौती देते हुए कहा नहीं तो सभी राजा मारे जाएंगे । लक्ष्मण जी सभी राजाओं के मारे जाने की बात सुन भड़क गए।

## सार-संक्षेप



नेशनल जूडो चैंपियनशिप में मैडल विजेताओं के साथ डा विवेक यादव। अमृत विचार

### डीपीएस ने नेशनल जूडो चैंपियनशिप में जीते तीन मेडल

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा ने झारखंड राज्य के सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई नेशनल जूडो चैंपियनशिप में अपनी शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दो सिल्वर के साथ 1 ब्रांज मेडल जीतकर अपने स्कूल एवं जनपद को भी गौरवान्वित किया है। इसमें पूरे भारत से सीबीएसई के ईस्ट,वेस्ट,नॉर्थ एवं साउथ जोन एवम गल्फ जोन सहित लगभग 1500 जूडो के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा की प्रधानाचार्या भावना सिंह ने बताया कि हमारे स्कूल के खेल प्रशिक्षिक व जूडो कोच प्रभाकर सिंह के कुशल दिशा निर्देशन ने ही हमारे इन नन्हें खिलाड़ियों को इतनी बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्तर पर पदक दिलवाए हैं। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के क्लास 6 के अभय यादव ने अंडर 11 आयु वर्ग एवम 40 किलो से अधिक के भार के ( बालक वर्ग में ) सिल्वर मैडल जीता तो वहीं क्लास 7 की छात्रा पंखुड़ी श्रीवास्तव ने अंडर 11 आयु वर्ग एवम 40 किलो से अधिक के भार के ( बालिका वर्ग में ) सिल्वर मेडल जीत लिया। इ क्लास 6 की एक और होनहार छात्रा नंदिनी यादव ने भी कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद अंडर 11 आयु वर्ग एवं 35 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर दि शानदार विजय श्री दिलवाई है। इस अवसर पर डीपीएस, इटावा के चैयरमैन डा विवेक यादव ने सभी नन्हें विजेता बच्चों को शानदार जीत की बधाई दी। वाइस प्रेसिडेंट डा प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी विजेताओं सहित बच्चों के जूडो कोच प्रभाकर सिंह को उनकी कड़ी मेहनत और श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।



डांस प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों के साथ अदिति बंसल। अमृत विचार

### गरबा नृत्य में महिलाओं ने मचाई धूम

**इटावा।** अग्रसेन जयंती के शुभअवसर पर ध्रुव वाटिका इटावा में अग्रवाल सभा की महिला इकाई ने गरबा रात्रि का सफल आयोजन अध्यक्ष शिखा मित्तल की देखरेख में सफलता पूर्वक संपंन हुआ। आयोजन में एकल डांस ग्रुप डांस का सफल कार्यक्रम प्रस्तुत कया किया। ग्रुप डांस में अदिति बंसल, कीर्ति जैन, निधि जैन, काजल मित्रल दिव्या अग्रवाल व खुशबु अग्रवाल के ग्रुप ने प्रथम पुरस्कार जीता। मां-बेटी डांस में नेहा अग्रवाल व काव्या अग्रवाल प्रथम, द्वितीय पुरस्कार बरखा अग्रवाल व शिवान्या अग्रवाल ने जीता। लकी ड्रा में आगंतुक महिलाओं को गिफ्ट भी दिये गये। इन प्रतियोगिताओं के लिए पूनम शर्मा, बिदुला द्विवेदी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। उपरोक्त कार्यक्रम में शहर की समरस्त अगवाल महिलाओं व अन्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक लेकर कार्यक्रम भाग को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### आर्म्स एक्ट के तीन दोषियों को मिजी सजा

**इटावा।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दो अलग अलग मामलों की सुनवाई करते हुए आर्म्स एक्ट के तीन आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें सजा सुनाई व जुर्माना भी लगाया। कोतवाली पुलिस ने वर्ष 2009 में दीपक बाथम निवासी करन पुरा को आर्म्स एक्ट के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उसे दोषी पाया और उसे 19 दिनों के कारावास की सजा व एक हजार रूपया के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा बढपुरा थाना पुलिस ने वर्ष 2013 को सोनू बधोरिया निवासी कसोहा थाना बढपुरा को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी पाया और जेल में बिताई अवधि की सजा व डेढ़ हजार के अर्थदंड से दंडित किया। इसके अलावा चौबिया थाना पुलिस ने वर्ष 2014 में राजीव कुमार पुत्र सहदेव सिंह निवासी नगला मचे थाना कुर्रा मैनपुरी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राजीव को दोषी पाया और जेल में बिताई अवधि की सजा व दो हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

### रकम हड़पकर वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**सैफई, इटावा।** महिला को विश्वास में लेकर उसके दो लाख रूपए हड़प लिए। नशीला पदार्थ खिलाकर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। थाना में इसी क्षेत्र की महिला ने गांव नगला सेमरा के नितिन कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि वह परचूनी की दुकान चलाती है जहां पर नितिन कुमार का आना जाना होना लगा था जिसकी वजह से उससे पहचान हो गई थी। उसके द्वारा दो लाख रूपए नोटरी स्टांप पर लिखित रूप में उधार बतौर दिए थे। तय समय पर रकम मांगने पर अर्ध लिखित कागज दिखाकर धमकी दी अगर रुपए मांगे तो मैं तेरे घरवालों को मार देंगे तथा तेरी वीडियो मेरे पास है वह वायरल कर दूंगा। 31अगस्त को नितिन घुमाने के बहाने ले गया था, उस दौरान नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करके वीडियो बनाया था। जिसकी शिकायत थाने पर की थी। कार्रवाई न होने उसके हौसले बुलंद है जो रकम हड़पकर वीडियो वायरल करके बदनाम करने की धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अलमा अहिरवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है, आरोपी की तलाश की जा रही है।

### धूमधाम से मनाई गई महार्षि वाल्मीकि जयंती

**जसवंतनगर, इटावा।** नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई ।मोहल्ला लोहामंडी एवं गुलाबवाड़ी में सर्व समाज ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार, तहसीलदार दिलीप कुमार एवं अधिशासी अधिकारी श्याम वचन सरोज व विश्वनाथ प्रताप सिंह सोनू यादव ने वंदना की । बताया कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे सुंदर ग्रंथ का लेखन किया गया । इस अवसर पर लेखपाल ज़हीर, मनीष दुबे,जेई रविंद्र कुमार, बड़े बाबू नवनीत कुमार, लाल कुमार, शिवांग यादव, सकी त्रिपाठी, विनय सगर, सुरजीत सिंह, कुलदीप, इक़बाल , सफ़ाई नायक सतीश चंद्र, विनोद कुमार, राजू मौजूद रहे।

### रुपये मांगने का आडियो वायरल होने पर लिपिक सस्पेंड

**महेवा, इटावा।** बिजली उपकेंद्र महेवा पर तैनात लिपिक शैलेंद्र बाबू से इटावा अधिशाषी अभियंता कार्यालय में तैनात लिपिक ने अधिशाषी अधिकारी के नाम पर पचास हजार की रिश्वत मांगने का वीडियो व ऑडियो वायरल हो गया। अधिशाषी अभियंता ने रिश्वत मांगने वाले बाबू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं वीडियो व ऑडियो की सत्यता की जांच के लिए टीम गठित की है। अमृत विचार समाचार पत्र इस आडियो वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। महेवा बिजली घर पर तैनात लिपिक शैलेंद्र कुमार से इटावा कार्यालय में तैनात बाबू राहुल देव चौहान द्वारा किसी कार्य या फिर कोई कमी आदि के चलते निलंबन होने की धमकी दी। अधिशाषी अभियंता के नाम पर पचास हजार की रिश्वत देने की मांग की। अधिशाषी अभियंता ऋषिपाल सिंह ने लिपिक राहुल देव को निलंबित कर पूरे प्रकरण की जांच हेतु टीम गठित की गई । अधिशाषी अभियंता ऋषिपाल सिंह ने दूरभाष पर बताया कि प्रकरण से उनका कोई लेना देना नहीं है। उनके नाम से रुपये मांगने एवं निलंबन की धमकी देने वाले बाबू को निलंबित किया गया है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ भी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### देश के लिए नारी को सशक्त बनना होगा

**इटावा।** सनातन धर्म इंटर कालेज में मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी का त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम हुआ। रानी दुर्गावती की पंचशताब्दी व देवी अहिल्या बाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में मान वंदना यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिया ने की। मुख्य अतिथि अर्चना , विशिष्ट अतिथि ज्योति , मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संयोजिका दुर्गा वाहिनी कल्पना ने बहनों को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया । रानी दुर्गावती व देवी अहिल्या बाई के के चरित्र के बारे में बताते उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा नारी को देश ,धर्म और समाज के उत्थान के लिए नारी को सशक्त होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन संजू शंखवार ने किया। प्रांत सह मंत्री अवधेश,मातृशक्ति प्रांत संयोजिका डा सीमा जादौन, दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका अवनी, विभाग संयोजिका वैशाली, जिला अध्यक्ष अमित, जिला मंत्री भानू, ज़िला सह मंत्री दीपक, ज़िला संयोजक बजरंग दल अभिनय चौधरी, नगर संयोजक कृष्णा सिंह , ज़िला सुरक्षा प्रमुख श्लोक त्रिपाठी, नरेंद्र पांडे आदि रहे।

# चकरोड में गया खेत तो गश खाकर गिरा किसान, मौत

## घटना की जानकारी पर अधिकारियों ने बुलाया कई थानों का फोर्स, दूसरा चकरोड खुलवाने पहुंची थी टीम

संवाददाता अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भूरेपुर में गुरुवार दोपहर को चकरोड में खेत अधिक जाने को लेकर बुजुर्ग किसान गश खाकर चकरोड पर गिर गया। मौके पर मौजूद लेखपालों ने उसे सीएचसी अयाना पहुंचाया।



मुंशीलाल।

वहां मौजूद डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पर एसडीएम, तहसीलदार व अन्य थानों का फोर्स अस्पताल पहुंच गया है।

राजस्व टीम ने मिशन समाधान के तहत एक अगस्त को ग्राम पंचायत अयाना में सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटवाया था। इसमें भूरेपुर के चकमार्ग को चिह्नित कर कब्जामुक्त करवाया गया था। ग्राम प्रधान छोटेलाल गुप्ता चकरोड पर मनरेगा से कार्य करवा रहे हैं। गुरुवार दोपहर को किसान मुंशीलाल खेत देखने गए थे। वहां पर वह गश खाकर चकरोड पर गिर गए। इस पर वहां दूसरा चकरोड खुलवाने के लिए पहुंची राजस्व टीम ने उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी अयाना पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई जयराम ने बताया कि भतीजे लालसिंह व अजय सिंह बाहर नौकरी करते हैं।

गुरुवार को भाई खेत देखने गए थे। एक कोने पर चकरोड उनके खेत में ज्यादा अंदर समझ में आया। इसका सदमा वह बर्दास्त नहीं कर सके और उनकी जान चली गई। वहीं गांव में दूसरे खेत वाले से किसान की बहस होने की भी चर्चा रही। घटना की जानकारी होने पर एसडीएम अजीतमल गरिमा सोनकिया, तहसीलदार जीतेश वर्मा, थानाध्यक्ष विनोद कुमार समेत अजीतमल व फफूंद थाना का फोर्स सीएचसी पहुंच गया।

थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।



रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार



घटनास्थल पर मौजूद एडीएम गरिमा सोनकिया एवं तहसीलदार जीतेश वर्मा।

### दूसरा चकरोड खुलवाने के लिए इस टीम का किया गया था गठन

गुरुवार दोपहर को गांव का दूसरा चकरोड खुलना था, जिसके लिए कानूनगो रणवीर पुष्कर, बीडीओ बब्बन प्रसाद मौर्य, लेखपाल विमलेश मोहन, शशांक गुप्ता, अखिल कुमार, सरिता व आनंद कुमार की टीम गठित की गई थी। घटना के दौरान टीम मौके पर मौजूद थी। किसान के गश खाकर गिरने पर पहले चकरोड पर काम कर रहे मनरेगा के मजदूर भी मौके से भाग गए।

### राजस्व संबंधी मामलों के लिए शुरू किया था मिशन समाधान

जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी ने मिशन समाधान के तहत राजस्व संबंधी मामलों में अधिकारियों व लेखपाल की टीम से प्रत्येक गुरुवार को राजस्व संबंधी समस्याओं का शांतिपूर्वक निस्तारण करने व सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने का ग्राम पंचायत वार अभियान चलाने को कहा है।

### बोले जिम्मेदार

घटना के बाद उन्होंने मौके पर पहुंचकर चकरोड की पैमाइश करवाई है। आरोप निराधार हैं। चकरोड बिल्कुल सही बना है। 4 मीटर की चिह्नित भूमि में से 3 .5 मीटर का चकरोड बनाया गया है। जबकि 0 .5 मीटर में दोनों ओर खंदी बनाई गई है।

– जीतेश वर्मा, तहसीलदार अजीतमल

# ट्रेन से गिरकर युवक की गई जान

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग के रेलवे स्टेशन की पूर्वी साइड गांव ईनायतपुर के सामने मरुधर एक्सप्रेस से एक यात्री की ट्रेन के कोच से गिरकर मौत हो गई। गुरुवार की सुबह कीमैन मनोज कुमार रेलवे पटरी चेक कर रहा था। तभी रेलवे खंबा नम्बर 1116/15 से 13 पर ट्रैक किनारे एक युवक का शव मिलने पर स्टेशन मास्टर को बताया। आरपीएफ कांस्टेबल लोकेश नैन और सतेंद्र कुमार नल आदि रेलवे कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो युवक की जेब से कानपुर सेंट्रल से जोधपुर का टिकट मिला उसकी लगभग उम्र 30 साल गले में चेन हाथ मे कलावा सेंडिल, सफेद शर्ट, नीला पैंट पहने हुए है। जानकारी के अनुसार कोच में गेट के पास बैठा यात्री सोते समय गिर गया और उसकी मौत हो गई।



जांच पड़ताल करती आरपीएफ पुलिस।

- युवक की तलाशी लेने पर कानपुर से जोधपुर का मिला टिकट

### पैसेंजर ट्रेन से कटकर 55 वर्षीय वृद्ध की मौत

**औरैया।** गुरुवार की सुबह फफूंद स्टेशन के प्लेटफार्म एक पर फफूंद पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते समय 55 वर्षीय वृद्ध राजबहादुर नीचे गिर पड़े और ट्रेन से कटकर उनकी मौत हो गई। स्टेशन मास्टर द्वारा मेमो मिलने के बाद मौके पर पहुंचे जीआरपी चौकी इंचार्ज फफूंद देवेंद्र सिंह सोलंकी ने शव की जांच पड़ताल की और घटना की सूचना परिजनों को दी। मृतक के पुत्र रामसागर ने बताया कि पिता जी अपनी ससुराल कानपुर दो दिन के लिए जा रहे थे। जीआरपी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप



इफको ई-बाजार में डीएपी खाद का इंतजार करते किसान।

### डीएपी पाने के लिए भटक रहे किसान

**अछल्दा, औरैया।** डीएपी खाद की बोरी पाने के लिए किसान परेशान है अगेती धान कट जाने के चलते खेत में सरसों की बुआई करने के लिए तैयार है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध नहीं है। क्षेत्र की समितियों पर खाद पहुंची तो कुछ किसानों को खाद मिली और कुछ को खाद नहीं मिली और स्टॉक खत्म हो गया इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। ऐसे में जब उन्हें पता चला कि इफको ई बाजार में खाद की गाड़ी आई है तो गुरुवार सुबह 6 बजे से किसान केंद्र के बाहर खाद लेने के लिए बैठ गए और इधर उधर टहलते नजर आए। वहां पर किसानों की कतार लगी नजर आई। अधिकतर किसानों ने बताया कि खाद मिल नहीं पा रही है। वहीं कई किसान इस बात से परेशान थे कि लंबी लाइन में खड़े रहने के बाद भी नंबर नहीं आ पाता व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी तैनात है लेकिन समिति प्रभारी करे क्या एक बार मे तीन सौ बोरी खाद आती पल भर में खत्म हो जाती।



छात्रा को डस्टबिन देते चेयरमैन राघव मिश्रा व प्रधानाचार्य अशोक चतुर्वेदी।

### 41 बालक एवं बालिकाओं को किया गया पुरस्कृत

**औरैया।** इंदिरा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा के सहयोग से विद्यार्थियों में 'स्वच्छता एवं साफ सफाई' शीर्षक पर एक निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं अध्यक्ष द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान पाने वाले 41 बालक एवं बालिकाओं को सूखा एवं गीला डस्टबिन देकर पुरस्कृत किया गया। अध्यक्ष राघव मिश्रा ने सभी बच्चों से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने और अपने आसपास साफ-सफाई रखने के लिए अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन से जुड़े रमेश चंद्र त्रिपाठी, प्रबंधक डॉ रामचंद्र दीक्षित, प्रधानाचार्य अशोक चतुर्वेदी, इंद्रपाल सिंह, डॉ .अनुज द्विवेदी व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



क्रॉसिंग से ठीक पहले फंसा मौरंग लदा ट्रक।

### क्रॉसिग से पहले ट्रक का एक्सल टूटने से लगा जाम

**कंचौसी, औरैया।** कंचौसी नगर स्थित पूर्वी रेलवे क्रॉसिग के ठीक पहले गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे मौरंग लदे ट्रक का एक्सल टूटने से सड़क यातायात बाधित हो गया। करीब दो घंटे तक वाहन सवार जाम में फंसकर जूझते नजर आये। बुलडोजर से धक्का लगाकर ट्रक को एक साइड किया गया तब जाकर कहीं जाम खुल सका और दोपहर 2 बजे के बाद लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल सकी। हालांकि, इस घटना का असर रेल यातायात पर नहीं पड़ा। औरैया-रसूलाबाद (कानपुर देहात) के बीच आवागमन करने वाले वाहनों का दबाव कंचौसी कस्बा स्थित रेलवे क्रॉसिग पर है। गुरुवार की दोपहर क्रॉसिंग के पास औरैया शहर से रसूलाबाद जा रहे एक मौरंग लदे ट्रक का एक्सल टूट गया। क्रॉसिग के पास खराब सड़क व गड्ढे होने की वजह से ट्रक का एक्सल टूट गया। ट्रक के रुकते ही दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिसने देखते ही देखते जाम का रूप ले लिया। नगर के लोगों का कहना है कि वाहनों का जाम कंचौसी क्रॉसिंग से सुंदरपुर गांव मार्ग तक लगा रहा। यह जाम करीब डेढ़ किमी लंबा रहा। क्रॉसिग के पास फंसे सड़क यातायात को देखते हुए गेटमैन ने कंचौसी स्टेशन मास्टर को मोबाइल फोन से सूचना दी। रेलवे कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर धीरे धीरे यातायात को सुचारू करवाया। स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार बताया कि ट्रक का एक्सल टूट जाने से सड़क मार्ग बाधित रहा। बुलडोजर की मदद से मौरंग लदे ट्रक को एक किनारे कराते हुए सड़क यातायात को सुचारू किया जा सका। यातायात बहाल होने पर वाहन सवारों ने राहत की सांस ली।

### किशोरी से छेड़खानी के दोषी को 3 वर्ष की सजा

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना अयाना क्षेत्र में साढ़े 6 वर्ष पूर्व एक किशोरी के साथ छेड़खानी करने के दोषी बबलू को 3 वर्ष की कैद व 15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) मृदुल मिश्रा के अनुसार थाना अयाना में पीड़ित किशोरी ने रिपोर्ट लिखाई कि 18 फरवरी 2018 की शाम को वह खेतों में शौच के लिए गई थी तभी गांव का बबलू उसके साथ छेड़खानी करने लगा। उसने भागकर अपने माता पिता को बात बताई। उसके परिवार वाले पीड़िता को लेकर आरोपी के घर उलाहना देने गए तो आरोपी, उसके उसके भाई छुन्ना तथा मिलन ने लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने बबलू के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट व छेड़खानी करने व उनके परिजन छुन्ना व मिलन पर गाली गलौज व मारपीट के आरोप में दर्ज किय। एडीजे मनराज सिंह ने छेड़खानी के दोषी बबलू को 3 वर्ष कैद की सजा से दंडित किया। उस पर 15 हजार रूपये अर्थदंड भी लगा। मारपीट करने वाले छुन्ना व मिलन को एक वर्ष के कैद की सजा सुना दी गई।



अवैध निर्माण करता ग्रामीण। अमृत विचार

# पैतृक भूमि पर दबंग कर रहे कब्जा

संवाददाता फफूंद, औरैया

- जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई
- पीड़ित पक्ष ने क्षेत्रीय लेखपाल पर मिलीभगत के लगाए आरोप

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में गरीब किसानों की पैतृक जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग जबरन निर्माण करा रहे हैं। जमीन मालिकों ने जिला अधिकारी को भी प्रार्थनापत्र दिया लेकिन दबंगों का काम नहीं रुका पुलिस में शिकायत की तो पुलिस ने उल्टा उन्हें ही बंद कर दिया। पीड़ित पक्ष ने क्षेत्रीय लेखपाल और थाना पुलिस पर कब्जा कराने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

थाना क्षेत्र के गांव तुलसीपुर निवासी रमेशचंद्र, अरुण कुमार, रमाशंकर, रघुराज सिंह और शिवराज सिंह बेहद गरीब किसान हैं। उनकी तुलसीपुर के मौजा अल्लापुर में पैतृक जमीन है, जिसमें साठ डिसिमिल जमीन पर वह खेती करते हैं और बीस डिसिमिल पर आबादी का इस्तेमाल कर रहे हैं। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बताया कि गांव निवासी कुछ लोग उनकी भूमि पर जबरन निर्माण कार्य कर रहे हैं। इसकी शिकायत जिलाधिकारी को भी प्रार्थना पत्र देकर की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। क्षेत्रीय लेखपाल दबंगों से मिलकर उनकी पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा कराने को उतारू हैं। लेखपाल भूमि के खसरा की नकल भी नहीं दे रहा है और साजिश करके पुलिस से दबाव बनवाकर उनके परिवारी जनों को कई बार थाने में बंद करा चुका है।

लेखपाल आयेदिन पुलिस से मिलकर उनके परिजनों को बंद करवा देता है और डरा धमकाकर उनकी पैतृक जमीन से बेदखल करना चाहता है। लेखपाल और दबंगों के उत्पीड़न और शोषण से उनका परिवार बेहद परेशान हैं और उन्हें जान का खतरा सता रहा है यह लोग कभी भी उन्हें जान माल का नुकसान पहुंचा सकते हैं जिससे उनका परिवार भयभीत है। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

# छात्रा को गोली मारने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जालौन चौराहे के समीप एक छात्रा को सोमवार देर रात ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही छात्रा को एक युवक ने उसके सीने में गोली मारकर फरार हो गया था। फरार आरोपी को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस व एसओजी टीम ने गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त तमंचा व बरामद किया है।

सत्तेश्वर मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय गौरी सोमवार शाम ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी तभी छात्रा को जानने वाले रामजी सोनी ने छात्रा के सीने में तमंचे से गोली मार दी थी और आरोपी मौके से भाग निकला था। छात्रा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं लोगों में चर्चा थी की एकतरफा प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने छात्रा को गोली मारी थी।

वहीं घायल छात्रा के बुआ के लड़के योगेश चन्द्र तिवारी ने लिखित तहरीर दी थी कि उसके मामा संजय दुबे की पुत्री गौरी कोचिंग पढ़कर घर वापस आ रही थी तभी पहले से ही घात लगाए बैठे रामजी ने गौरी के सीने में गोली मार कर मौके से फरार हो गया था। कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की थी। पुलिस ने अभियुक्त रामजी जी सोनी को मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाईवे से ग्राम जलोखर की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार कर लिया साथ ही अभियुक्त के निशानदेही के अनुसार घटना में प्रयोग किया गया तमंचा और एक खोखा व 4 जिंदा कारतूस बरामद किया है।

वहीं नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के अनावरण में सहायक उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे हेतु संबंधित सीसीटीवी दुकान मालिकों को पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर व अपर पुलिस अधीक्षक आलोक मिश्रा एवं सीओ सिटी महेन्द्र प्रताप द्वारा सम्मानित किया गया तथा अन्य लोगों को भी सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु जागरूक किया गया।



प्रेसवार्ता में जानकारी देते एसपी अभिजीत आर शंकर व गिरफ्त में आरोपी।

- गोली लगने से घायल हो गई थी छात्रा



शोभायात्रा निकालते वाल्मीकि समाज के लोग। अमृत विचार

# धूमधाम से निकली महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा

- जिलाधिकारी व एसपी ने शोभायात्रा का लिया जायजा

**फफूंद, औरैया।** नगर के रामलीला मैदान के पास स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा को दिबियापुर से सपा विधायक प्रदीप यादव व पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि अनुराग शुक्ला ने फीता काटकर रवाना किया। शोभायात्रा का डीएम व एसपी ने जायजा लिया।

महर्षि के मंदिर में सुबह सात बजे आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर से नगर की मुख्य सड़कों पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के आगे बैंड बाजों पर भजन संगीत के साथ लोग हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए चल रहे थे। भोलेनाथ, श्रीराम, महर्षि वाल्मीकि, मयूर रूप में श्रीकृष्ण राधा और रथ पर सवार श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता की सजीव झांकी के पीछे रामायण के साथ महर्षि वाल्मीकि की पालकी चल रही थी। इस मौके पर राजू खरे, मनोज कुमार, रमेश बाबू, प्रदीप वाल्मीकि, संजय खरे, बब्बर सिंह, अजय कुमार सहित बाल्मिकी समाज के लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम | सम्मान समारोह में सामाजिक समरसता मंच के प्रांत संयोजक रविशंकर और चेयरमैन राघव मिश्रा रहे उपस्थित

# वाल्मीकि जयंती पर सफाई कर्मियों का हुआ सम्मान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** रामायण के रचयिता आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर दिबियापुर के नारायणी मंडपम में सामाजिक समरसता मंच के तत्वावधान में नगर पंचायत दिबियापुर के सौजन्य से स्वच्छता कर्मी सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग एक सैकड़ा सफाई कर्मियों को गमछा व भगवतगीता की पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित सामाजिक समरसता मंच के प्रांत संयोजक रविशंकर, जिला संघचालक रणवीर सिंह, दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा, राकेश दीक्षित जिला संयोजक सामाजिक समरसता मंच, यशवीर विभाग प्रचारक, पूर्व प्रवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि गुरु नारायण अग्रवाल, जिला प्रचारक अनूप जी ने महर्षि वाल्मिकी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यकम को प्रारंभ किया। इस अवसर पर अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी सफाई कर्मचारियों का माल्यार्पण कर उन्हें गमछा, भगवतगीता भेंटकर सम्मानित किया। महिला सफाईकर्मियों का भी सम्मान सुमन चतुर्वेदी के साथ पहुंची अन्य महिलाओं ने किया। दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा ने सफाई मित्रों के उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता छोटेलाल बाल्मीकि ने की।



सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते चेयरमैन राघव मिश्रा एवं अन्य। अमृत विचार



वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मौजूद शिक्षक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

### बच्चों को महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व व कृतित्व के बारे में बताया

**औरैया।** पीबीआरपी अकादमी, दिबियापुर में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य डॉ सौरव कश्यप व उप-प्रधानाचार्य प्रशांत पुरवार ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक इंजी. दिनेश पाण्डेय ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन से परिचित कराते हुए कहा कि यदि इंसान चाहे तो वह अपनी इच्छा शक्ति के बल पर असंभव को भी संभव बना सकता है। जिस प्रकार एक रत्नाकर नाम का डाकू जो नारदमुनि का मार्गदर्शन पाकर महर्षि वाल्मीकि बन गए, उसी प्रकार हम सभी भी अच्छा मार्गदर्शन पाकर अच्छे नागरिक बन सकते हैं। प्रधानाचार्य डॉ. सौरव कश्यप ने बताया कि वाल्मीकि आदि कवि थे। वाल्मीकि का जीवन साधारण नहीं था, उनके जीवन में हुई एक घटना ने उनके जीवन पथ को बदल दिया, जिसके पश्चात उन्होंने रामायण जैसे पावन ग्रंथ की रचना की थी।

# महान विभूतियों को किया याद

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय, दिबियापुर के संस्कृत विभाग में महर्षि वाल्मीकि और मीराबाई जयंती के उपलक्ष में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि महर्षि वाल्मीकि और मीराबाई दोनों ही भारतीय संस्कृति और साहित्य की महान विभूतियां हैं। महर्षि वाल्मीकि ने रामायण जैसे महान महाकाव्य की रचना की, जो आज भी जीवन के आदर्श मूल्यों का मार्गदर्शन करता है। वहीं मीराबाई की भक्ति और उनकी कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम ने भक्ति आंदोलन को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि ये दोनों विभूतियां हमें जीवन में सत्य, भक्ति, के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. यश कुमार ने मीराबाई के भक्ति काव्य और महर्षि वाल्मीकि की रामायण के साहित्यिक महत्व पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि मीराबाई की रचनाएं भक्ति और प्रेम का एक अनमोल उदाहरण हैं, जबकि वाल्मीकि जी की रामायण नैतिकता, धर्म और कर्तव्य का आदर्श प्रस्तुत करती है।

राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार हसन ने महर्षि वाल्मीकि और मीराबाई के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को इन महान विभूतियों से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। गोष्ठी में डॉ राकेश तिवारी एवं डॉ योगेश मिश्रा ने भी विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ श्रीनंदन पांडे ने किया। इस अवसर पर डॉ आलोक यादव, डॉ शीलू त्रिवेदी, डॉ हिमांशु यादव, डॉ विनोद कुमार, डॉ श्याम नारायण, डॉ महेंद्र तिवारी, डॉ मृदुल पांडे, नरेंद्र कश्यप, अनुपम तिवारी, सत्यदेव यादव, महेश, संतोष शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते प्रो. डॉ. इफ्तिखार हसन। अमृत विचार

## एक नजर

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

राठ(हमीरपुर)। जानकारी के अनुसार कस्बे के छोटी जुलहेटी इलाके के निवासी नितिन (22) पुत्र रामकिशोर विश्वकर्मा ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने मकान के कमरे में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम लगभग 4 बजे जब परिजनों ने युवक को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक नितिन ट्रैक्टर चलाकर एवं मजदूरी कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करता था। मामले में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### ढोल बजाने में आनाकानी करने पर युवक को पीटा

बिवांर (हमीरपुर)। ढोल के न बजाने पर एक गांव निवासी दलित युवक के साथ जमकर मारपीट की गई। मारपीट से उसे गंभीर चोटें आई हैं। थाना क्षेत्र के कुनेहटा गांव में महेंद्र पुत्र बरदानी सरोज ने थाने में दी तहरीर में बताया कि 13 अक्टूबर को देवी प्रतिमा विसर्जन करने के लिए उसे कमेटी के लोगों ने बुलाया था। अपने साथियों के साथ देवी विसर्जन में ढोल बजाने गया। वहां राजकरन पुत्र रज्जू यादव डीजे में नाच रहा था, उसने ढोल बजाने को कहा। इस पर उसने पानी पीकर ढोल बजाने की बात कही तो वह नाराज हो गया और उसके साथ मारपीट कर दी। कमेटी ने आकर बीच बचाव किया। उसके शरीर में गंभीर चोट आने के साथ हाथ में फैक्चर हो जाने का शक है। पुलिस ने छानी सीएचसी ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया है।

### जुआ खेलते 7 लोग दबोचे

बिवांर(हमीरपुर)। कस्बे में पुराने थाना के पीछे रैन बसेरा भवन मैदान में हार-जीत की बाजी लगा कर जुआ खेल रहे सात लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसआई विकास यादव ने बताया कि गांव निवासी प्रवेश, गब्बू कल्याण, पीयूष, अजय, कृष्ण पाल को जुआ खेलते पकड़ा है। पुलिस ने सभी जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया है।

### कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बा के वार्ड नंबर 5 निवासी प्रेमा देवी पत्नी कृष्ण गोपाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 11 अक्टूबर को शाम छह बजे गुड़ मंडी के पास पुत्र अनिरुद्ध जा रहा था। जिसे शेखूपुर गांव निवासी रंजीत पुत्र बर्दानी ने लापरवाही व तेजी से कार से टक्कर मार दी। जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### सीमेंट सरिया एसो.ने मनाया दशहरा मिलन समारोह

राठ (हमीरपुर)। उप्र व्यापार मंडल इकाई राठ सीमेंट एवं सरिया एसोसिएशन द्वारा दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष केजी अग्रवाल रहे। दशहरा मिलन समारोह के दौरान जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने कहा कि एकता ही व्यापारियों का सबसे बड़ा शस्त्र है। अगर सभी व्यापारी एक होकर संगठित रहेंगे तो किसी भी सरकारी विभाग के द्वारा व्यापारियों का अनावश्यक शोषण नहीं किया जा सकता। व्यापारियों को आश्वाशन दिया कि जिला व्यापार मंडल व्यापारियों के हर सुख दुख मे साथ खड़ा मिलेगा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, प्रमोद बजाज, युवा के अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता ने भी अपनी बात कही। सीमेंट सरिया के अध्यक्ष शेखर चौरसिया ने भी व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर बात कही। इस मौके पर शिव कुमार गुप्ता, दीपक राजपूत, राजेंद्र सोनी, नरेंद्र प्रधान, देवेंद्र प्रधान सहित आधा सैकड़ा से अधिक व्यापारी रहे।:

हत्या करने के बाद कमरे में ताला डालकर बच्चों को लेकर चली गई थी जयपुर

# पत्नी ने ही ग्राइंडर से गला रेत कर की थी पति की हत्या

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गत 14 अक्टूबर को कस्बे के ऊंछा थोक के अब्दुल गफ्फार के मकान से सड़ी गली लाश बरामद हुई थी। इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए पुलिस ने मृतक की पत्नी को आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा दिया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने बीते 14 अक्टूबर को बंद मकान का ताला तोड़कर महोबा जनपद के बरात पहाड़ी गांव निवासी बाबू विश्वकर्मा (40) का सड़ा गला शव बरामद किया था। मृतक के बहनोई राजू विश्वकर्मा ने मृतक की पत्नी सोनम विश्वकर्मा पर हत्या करके भाग जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सोनम को आलाकत्ल के साथ कस्बे के स्टेशन मार्ग में रानी लक्ष्मीबाई तिराहे के समीप से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।


बच्चों के साथ पुलिस की गिरफ्त में खड़ी हत्यारोपी महिला सोनम। अमृत विचार

सोनम ने बताया कि पति नशे का आदी था और शराब पीकर आए दिन बुरी तरह से पीटता था। गत 3 अक्टूबर को उसने सुबह से शराब पीकर उसे जमकर पीटा था। इसके बाद वह घर से चला गया था। शाम को शराब के नशे में चूर होकर घर आते ही उसने फिर से मारा पीटा और आग लगाकर मारने की कोशिश की। लेकिन नशा अधिक होने के कारण वह कमरे के फर्श पर गिरकर बेहोश हो गया।

पति की प्रताड़ना से आजिज होकर गुस्से में पत्नी ने ग्राइंडर (पत्थर काटने की मशीन) से उसका गला रेत दिया और घर पर ताला लगाकर बच्चों को साथ लेकर फरार हो गयी थी। घटना के बाद वह सीधे महोबा पहुंची और रात स्टेशन पर गुजारी। सुबह उदयपुर इंटरसिटी से वह जयपुर चली गई। वहां से वापस आने के बाद पुलिस ने उसे स्टेशन मार्ग पर दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि हत्यारोपी बिहार प्रांत के गया जनपद के थाना डोभी के पीपर घट की निवासी है।

### बच्चों को पालेगी मृतक की बड़ी बहन

- सुमेरपुर। सोनम के जेल जाने के बाद मृतक बाबू विश्वकर्मा के दोनों बच्चों का लालन पालन कानपुर निवासी मृतक की बड़ी बहन करेगी। सोनम के जेल जाने से पूर्व वह पुलिस के पास पहुंची और भाई के दोनों बच्चों को अपने पास रखकर लालन पालन की इच्छा जाहिर की। पुलिस ने हत्यारोपी सोनम की सहमति लेकर दोनों बच्चों को मृतक की बड़ी बहन रूबी के सुपुर्द किया है। जेल से बाहर आने के बाद दोनों बच्चों को सोनम के सुपुर्द किया जाएगा। इसकी पुलिस के समक्ष लिखा पढ़ी कराई गई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि हत्यारोपी की सहमति पर मृतक की बहन को दोनों बच्चों की सुपुर्दगी दी गई है।

## दुष्कर्म के बाद महिला के राजीनामा न करने पर दे रहे धमकी

**हमीरपुर।** थाना जलालपुर के एक गांव में पांच दिन पहले दलित महिला से हुए दुष्कर्म मामले में रिपोर्ट दर्ज होते ही आरोपी पक्ष पीड़ित परिवार को डरानेमें लगा है।

थाना जलालपुर के एक गांव निवासी पीड़िता ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि 12 अक्टूबर की रात करीब 9:30 बजे उसके घर के सदस्य दशहरा त्योहार पर गांव में लोगों से मिलने निकल गए। तभी पड़ोसी मौका देख घर में घुस आया और तमंचा के बल पर दुष्कर्म किया और धमकी देकर चला गया। उसी समय उनके बाबा ने छत से उस आरोपी को घर के अंदर देख चिल्लाने लगे तभी उसके ससुर व पति, चाची बहन आ गए, लेकिन आरोपी भाग गया। इसके बाद बाबा व ससुर ने आरोपी के घर जाकर उलाहना दिया तो आरोपी का बड़ा भाई गैंगस्टर राजेंद्र व संजीव ने उनके साथ हाथापाई कर दी। दो दिन बाद जलालपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा लेकिन शाम को छोड़ दिया। पीड़िता ने आरोपियों की कॉल रिकॉर्डिंग की है। जिसमें राजीनामा न करने पर धमकी दी है।


एसडीएम राजेश चंद्रा को ज्ञापन सौंपते कस्बे के लोग। अमृत विचार

# मौदहा विधानसभा सीट पुनः बहाल करने की मांग

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मौदहा विधानसभा सीट पुनः बहाल करने के संबंध में कस्बे के जनप्रतिनिधियों, पूर्व मंत्री, बुद्धिजीवी एवं समाजसेवियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर विधानसभा सीट बहाल किए जाने की मांग की है।

कस्बे के बुद्धिजीवी समाजसेवी तथा ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों प्रधानों ने एसडीएम राजेश चंद्रा के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजते हुए बताया कि आजादी के बाद से ही देश व प्रदेश की राजनीति में मौदहा विधानसभा सीट का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रभान गुप्ता ने इस सीट से चुनाव मैदान में उतरकर देश दुनिया में मौदहा का नाम रोशन किया था। मौदहा विधानसभा सीट सन 2012 में समाप्त कर दी गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा सीट को फिर से बहाल किया जाना चाहिये। इस अवसर पर विद्या देवी पालीवाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम प्रकाश पथिक, नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद, पूर्व मंत्री बशीरुद्दीन, सभासद शिवकुमार सोनी, याकूब गड्डी, बाबूराना समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# जयंती पर याद किये गये रामायण के रचयिता


स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित करते जिलाधिकारी घनश्याम मीना अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शासन के निर्देशानुसार जनपद की सातों नगर पालिका व नगर पंचायत सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में महर्षि वाल्मीकि जयंती का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जनपद मुख्यालय में महावीर मंदिर सुभाष बाजार, सुमेरपुर के तपोभूमि परिसर, मौदहा की शक्ति माता मंदिर, राठ के चौपरा मंदिर, गोहांड के हनुमान मंदिर, सरीला के हनुमान मंदिर तथा कुरारा के महर्षि वाल्मीकि उपवन में एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के मंदिरों में वाल्मीकि जयंती के कार्यक्रम संपन्न हुए। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर पंचायत सुमेरपुर की तपोभूमि में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आरती की। उन्होंने सर्वप्रथम संस्कृत काव्य की रचना रामायण महाकाव्य के रूप में की थी। इस मौके पर डीएम ने स्वच्छता सैनिकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव, साधना दीक्षित व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## मरा मरा कह राम पुकारे, मरा ही उल्टा राम बनावे

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के श्री गायत्री बालिका इंटर कॉलेज में शरद पूर्णिमा एवं वाल्मीकि जयंती पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ।

कवि अवधेश साहू बेचैन ने पढ़ा- मरा मरा कह राम पुकारे, मरा ही उल्टा राम बनावे। इसी तरह डा.देवीदीन अविनाशी, डा.गणेश सिंह विद्यार्थी, हरिराम गुप्ता निरपेक्ष, कमलेश गौर ने अपनी सारगर्भित रचनाएं प्रस्तुत कीं। इसके अलावा शिवकरण सिंह सरस, रेवती रमण पाठक, सुरेश भदौरिया, हरिकिशन सेन, कमलकिशोर कमल, नीत राज सिंह एमएल अवस्थी, राजेंद्र प्रेमी, कामता प्रसाद, वीरेंद्र कुमार आदि ने अपनी स्वरचित रचनाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश भदौरिया, कमलेश सिंह गौर ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक पुनीत पालीवाल, चंद्रशेखर अग्निहोत्री, अनुराग तिवारी, मीना, सीमा निषाद, सुनीता वर्मा, मीनाक्षी शिवहरे, वंदना, सुरभि आदि मौजूद रहे।


मौदहा कस्बे में शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

# धूमधाम से निकली शोभायात्रा में दिखे झांकियों के विभिन्न रंग

**मौदहा(हमीरपुर)।** संस्कृत के महाकाव्य वाल्मीकि रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर नगर सहित क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से उनके अनुयायियों ने शोभायात्रा निकालने के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें महर्षि के पद चिह्नों पर चलने की शपथ ली। साथ ही मंदिरों में 24 घंटे अनुष्ठान व कीर्तन भजन किए गए।

कस्बे में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर नगर में झांकियों के माध्यम महर्षि वाल्मीकि जयंती की शोभायात्रा निकाली गई। महर्षि द्वारा रचित महाकाव्य की पंक्तियों को गुनगुनाते हुए शोभायात्रा की शुरुआत रहमानिया कॉलेज के पीछे चौधरी आवास से शुरू की और देवी चौराहा होते हुए इलाही तालाब सत्ती माता में जाकर समाप्त हुई। जिसके बाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों के खंडेह, इचौली, मकरावं, भैंसमरी, सिसोलर, सिजनौड़ा आदि मंदिर में वाल्मीकि जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाते हुए कीर्तन भजन के साथ भंडारे का आयोजन किया गया।

## सार-संक्षेप

### जिला क्षय रोग अधिकारी ने दर्ज कराया रंगदारी का मुकदमा

**हमीरपुर।** जिला क्षय रोग अधिकारी ने एक युवक पर रंगदारी मांगने, न देने पर जान से मारने की धमकी देने तथा झूठे मामले में शिकायत करने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। डॉक्टर्स कॉलोनी निवासी जिला क्षय रोग अधिकारी डा.बीपी सिंह ने सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह बीते 25 सितंबर को अदालत में साक्ष्य के लिए गए थे। वहां से वापस आने के बाद उनके सरकारी आवास में अजय अवस्थी मरीज बनकर आया और मुंह से खून आने, छाती आदि में दर्द रहने, सांस फूलने की बात बताई। तब उन्होंने दूसरे दिन अस्पताल में आने को कहा लेकिन उन्होंने प्राइवेट सेक्टर से जांच कराने की बात कही और चले गए। इसके बाद अजय अवस्थी ने फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से उन्हें धमकाकर 50 हजार रुपये की मांग रखी। गत 3 अक्टूबर को उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित धमकी भरा पत्र व्हाट्सएप में भेजा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने जान माल का खतरा बताकर तथा रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर अजय अवस्थी के खिलाफ मुकदमा कायम कराया है। जिला क्षय रोग अधिकारी का आरोप है कि आरोपी अपने को पत्रकार बता रहा था।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बच्चों को दिये उपहार

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य दो दिवसीय दौरे पर जनपद पहुंची। सदस्य पूनम द्विवेदी ने जिला कारागार पहुंचकर महिला बैरक व महिला बंदी गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला बंदियों के साथ बंद उनके छोटे बच्चों को खिलौने, चॉकलेट एवं पढ़ने-लिखने की सामग्री वितरित की। इसके साथ ही महिला बंदियों को भी सामग्री वितरित की तथा महिला बंदियों से उनको मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी की और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा, जेलर केपी चंदीला, डिप्टी जेलर देवेंद्र द्विवेदी, महिला बैरक प्रभारी जेलर सरला देवी, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।


महिला बंदी के बच्चों को खिलौने देतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य। अमृत विचार

### सीडीओ व एडीएम ने विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर सीडीओ व एडीएम ने विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें डीआईओएस सहित विभिन्न विभागों के 25 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सभी अनुपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को स्पष्टीकरण देने व वेतन रोकने के निर्देश दिए गए है। सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला ने डीआईओएस कार्यालय का प्रात: 10:15 बजे औचक निरीक्षण किया। जहां पर डीआईओएस महेश गुप्ता, जिला समन्वयक संतोष कुमार शर्मा व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संजय सिंह अनुपस्थित मिले। वहीं एडीएम न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां पर कार्यालय में कार्यरत सुरेंद्र कुमार, बम्भूनाथ राजपूत, अरविंद कुमार, सुशील कुमार सिंह, सूरज कुमार, आलोक त्रिपाठी, अमन्त कुमार, हेमंत मिश्रा, बृजपाल सिंह व अमित नारायण अनुपस्थित मिले। इसके बाद एडीएम ने जीएमडीआईसी कार्यालय का निरीक्षण किया। जहां कार्यरत राजेश तिवारी, संतोष प्रकाश राव व चेतन स्वरूप सेन अनुपस्थित पाए गए। उधर एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर ने लोनिवि प्रांतीय खंड का निरीक्षण किया। जहां सुरेश कुमार, शिवशरण ओमरे, रामजीवन, सत्यनारायण कुशवाहा, अभिषेक वर्मा, निखिल कुमार व सुरेंद्र कुमार अनुपस्थित मिले। राज्य कर विभाग खंड 1 व खंड 2 के निरीक्षण में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उदयवीर सिंह तथा सौरभ अवस्थी अनुपस्थित मिले। निरीक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी गई है। जिलाधिकारी ने उक्त सभी अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

### बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने कारागार का निरीक्षण किया


जिला कारागार के बाहर खड़े बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष व सदस्य।

**हमीरपुर।** बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष विभा भारती एवं सदस्य सनत कुमार श्रीवास्तव, विजय शंकर श्रीवास्तव, ज्ञानवेंद्र सिंह तथा शिव विजय सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार में निरुद्ध महिलाओं के साथ आवासित बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की उचित देखभाल शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### लैब भवन निर्माण में बरती जा रही हैं अनियमितिताएं

**सरीला(हमीरपुर)।** कस्बे के सीएचसी केंद्र के पुराने भवन में लैब का निर्माण हो रहा है। निर्माण में भारी धांधली की जा रही है। पूरे भवन के निर्माण में एक भी कॉलम नहीं बनाया गया है। विभागीय अफसर भी कुछ बताने से कतरा रहे हैं। मिट्टी भराई का काम भी अवैध खनन करके किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन में एक लैब के भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण के बारे में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित किसी भी अधिकारियों को कोई जानकारी भी नहीं है। कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण में भारी धांधली की जा रही है। पूरे भवन के निर्माण में पिलर तो बनाए गए हैं। लेकिन कॉलम नहीं बनाये जा रहे हैं। किनारों पर चिनाई में एक सरिया लगाकर लीपा पोती की जा रही है। निर्माण में लगे कार्यदायी संस्था के कारीगर व मजदूरों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा जैसा कहा जा रहा है। जब इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ.राहुल सचान से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस निर्माण के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.गीतम सिंह से बात करनी चाही तो उन्होंने कई बार फोन करने के बाद भी रिसीव नहीं किया।

# ओवरटेक करते समय डिवाइडर से टकराई बाइक, 1 की मौत 2 घायल

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** हमीरपुर कालपी हाईवे में डामर कुरारा के बीच ओवरटेक करते समय बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया।


पुष्पेंद्र।

कस्बे के वार्ड नंबर एक के निवासी पुष्पेंद्र (23) अपने साथी अर्जुन व अभिषेक के साथ बाइक से बुधवार की रात्रि करीब साढ़े 9 बजे एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी हाईवे पर डामर कुरारा के बीच वाहन को ओवरटेक करते समय संतुलन बिगड़ने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई। पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने पुष्पेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

# महर्षि वाल्मीकि के बताये रास्ते पर चलें

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बे में स्थित महर्षि वाल्मीकि उपवन में महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाल्मीकि समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

कस्बे में स्थित महर्षि वाल्मीकि उपवन में आयोजित कार्यक्रम में सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी सपा व पूर्व चेयरमैन माया वाल्मीकि ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने सप्त ऋषियों से ज्ञान प्राप्त कर उन्होंने रामायण जैसे महाग्रंथ की रचना संस्कृत भाषा में कर डाली। इस मौके पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी घनश्याम वर्मा, घनश्याम बाल्मीकि, वर्षा नामदेव, अजय बाल्मीकि, मनोज बाल्मीकि, नरेन्द्र सिंह लिपिक नगर पंचायत कुरारा, वोट बाबू सफाई नायक आदि रहे।


महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते आयोजक। अमृत विचार

अभियान — संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की बैठक संपन्न ,जिलाधिकारी ने मातहतों को दिये दिशा-निर्देश

# कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने दस्तक अभियान के अंतर्गत आशाओं द्वारा सभी घरों में विजिट करने व संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत सभी कार्य समयबद्ध ढंग से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य में किसी तरह की शिथिलता न बरती जाए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जायेगी।

बीते 1 अक्टूबर से चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 अक्टूबर से चल रहे दस्तक अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि डेंगू एवं अन्य संक्रामक रोगों को नियंत्रित किए जाने के लिए प्रभावी ढंग से प्रयास किए जाएं। कहा कि सड़क किनारे की शत प्रतिशत झाड़ियों को कटवा दिया जाए। सफाई कर्मियों का रोस्टर बनाकर सभी ग्राम पंचायतों में साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आशाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सभी एमओआईसी द्वारा अपने स्तर से मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान, टीकाकरण अभियान, आयुष्मान भारत योजना की प्रगति के संबंध में सीएमओ द्वारा नियमित रूप से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट लें।

कहा कि अब तक किसी कारण से टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का चिन्हांकन कर माइक्रो प्लान बनाकर ऐसे सभी बच्चों का टीकाकरण किया जाए। 20 दिसंबर के बाद कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटा हुआ नहीं मिलना चाहिए। कहा कि डीपीआरओ द्वारा शत प्रतिशत गांवों में एंटी लार्वा, पायरेथ्रम व चूना छिड़काव तथा फागिंग किया जाए। बैठक में सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, सीएमओ डॉ.गीतम सिंह, एडीएम न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ, पीडी साधना दीक्षित, समस्त एमओआईसी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की बैठक लेते जिलाधिकारी घनश्याम मीना।

### जिलाधिकारी ने शिकायत निस्तारण का मौके पर जाकर लिया फीडबैक

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जनपद में जनसमस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के उद्देश्य से शिकायतकर्ताओं के पास स्वयं जाकर शिकायत निस्तारण के संबंध में फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने कुंडौरा गांव के बालाजी आश्रम के महंत धीरू से फीडबैक लिया। बालाजी आश्रम की चकरोड को कब्जा मुक्त करने संबंधी प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर चकरोड को कब्जा मुक्त कर दिया गया। शिकायत निस्तारण आख्या सही पाई गई। दूसरे प्रकरण में टिकरौली गांव पहुंचे। जहां रामकृपाल साहू पुत्र महावीर साहू द्वारा निजी विद्युत नलकूप की क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त न करने की शिकायत की गई थी, जिसके क्रम में विद्युत लाइन को दुरुस्त कर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शिकायत निस्तारण के संबंध में लगाई गई आख्या के संबंध में पूछताछ की। जिसमें शिकायत निस्तारण सही पाया गया। इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ.नागेंद्र नाथ यादव, तहसीलदार सदर तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# लोकनृत्यों में दिखी राज्यों की संस्कृति की छाप

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** शरद पूर्णिमा में भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती पर बुधवार से तीनदिवसीय शरदोत्सव शुरू हुआ। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राज्यों की संस्कृति की छाप नजर आई। इससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का उद्घाटन मप्र के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार, दिव्यजीवन दास जी दिगंबर अखाड़ा भरत मंदिर, डा. रामनारायण त्रिपाठी गायत्री शक्तिपीठ, संत मैथिली भाई रामकिंकर आश्रम, पवन बाबा सती अनुसुइया आश्रम के साथ पूर्व मंत्री उषा ठाकुर, कुलपति ग्रामोदय विवि चित्रकूट प्रो. भरत मिश्रा आदि ने राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर पुष्पार्चन से किया। इंदर सिंह परमार ने चित्रकूट की महिमा का बखान किया। कहा कि भगवान् राम का चित्रकूट की धरा पर कण कण में निवास है, उसी तरह नानाजी का योगदान भी अमिट है। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत गोंडवाना संस्कृति पर आधारित लोकनृत्य जलवा से हुई, जिसे कृष्णा देवी वनवासी बालिका विद्यालय की बच्चियों ने प्रस्तुत किया। सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय के बच्चों ने मराठी संस्कृति की झलक दिखाते लावणी, गुजरात के गरबा एवं राजस्थान के घूमर लोकनृत्य का प्रदर्शन किया। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के कलाकारों द्वारा गरबा में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना को दर्शकों ने खूब सराहा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने योग पर आधारित कार्यक्रम किया। सुरेन्द्रपाल विद्यालय की पुरातन छात्र परिषद के प्रवीण कुमार एवं टीम ने सीताहरण लीला की आकर्षक प्रस्तुति की। दर्शकों ने खीर का आनंद लिया।



शरदोत्सव की पहली शाम में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध। अमृत विचार

● चित्रकूट में तीन दिवसीय शरदोत्सव का पहला दिन

### अन्य कार्यक्रम भी सराहे गए

नाटक आनंद रघुनंदन को भी सराहना मिली। इसका निर्देशन- अनामिका सिंह परिहार सतना ने किया और आकार वेलफेयर सोसाइटी के युवा रंगकर्मियों ने अभिनय किया। बघेली बोली व बंडल बघेलखंड की परंपराओं के संरक्षण को रेखांकित करते विभिन्न लोक शैलियों व संगीत का प्रयोग प्रस्तुति में किया गया।

## नई प्रक्रिया से मिलेगा उच्च गुणवत्ता का चारा

**सीतापुर (चित्रकूट)।** दीनदयाल शोध संस्थान के गोवंश विकास एवं अनुसंधान केंद्र में गुरुवार को पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केंद्र प्रयागराज के वैज्ञानिकों ने सूखे मौसम में हरे चारे की कमी को दूर करने के लिए ग्रामीणों को साइलिज़ बनाने का प्रशिक्षण दिया।

वैज्ञानिक डा. अनीता तोमर ने कहा कि साइलिज प्रक्रिया में किण्वन प्रक्रिया फसलों का पोषक तत्व बनाए रखने में मदद करती है। साइलेज में सूखी घास की तुलना में कहीं ज्यादा पौष्टिक तत्व और फीड के मुकाबले कम रसायन होते हैं। डा. मनोज त्रिपाठी ने भी साइलिज़ को पशुओं के लिए स्वास्थ्यवर्धक बताया। बताया कि इससे दूध की गुणवत्ता में सुधार होता है। शोधार्थी स्वाति प्रिया, सत्यव्रत सिंह ने साइलेज बनाने की विधि का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में वीरेंद्र प्रजापति, योगेंद्र मिश्रा, देव कुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### गिराए शटर


चित्रकूट के मानिकपुर कस्बे में गुरुवार को बाजार का अलग नजारा दिखा। दरअसल यहां सेल टैक्स अधिकारी के आने की सूचना मिली तो दुकानदारों ने धड़ाधड़ शटर गिरा दिए। इससे बाजारबंदी जैसा दृश्य नजर आया।

## एक नजर

### पुलिस ने 5 वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस ने अलग-अलग मामलों में वांछित पांच आरोपियों को पकड़ा। एसएसआई मनीष कुमार ने प्रतापगढ़ जिला निवासी मोहित पुत्र जीत लाल सरोज, विजय यादव पुत्र नीमर यादव, श्यामू यादव पुत्र श्रीराम यादव, छेदी उर्फ विकास सरोज पुत्र गंसीलाल सरोज को गिरफ्तार किया। एसआई सनी कुमार चतुर्वेदी ने पॉक्सो एक्ट में वांछित कुलदीप बलवान यादव निवासी ग्राम कुनहैटा थाना विंवार (हमीरपुर) को पकड़ा।

### नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**चित्रकूट।** श्रीमंत देवराज क्रिएशन कानपुर की नुक्कड़ नाटक टीम ने एसआई आशुतोष सिंह भदौरिया की अगुवाई में गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व निर्मोही अखाड़ा सीतापुर में नुक्कड़ नाटक से लोगों को जागरूक किया। कलाकारों ने आम जनमानस को आपातकाल की स्थिति में त्वरित सहायता हेतु तत्काल डायल-112 पर कॉल करने की बात बताई। सड़क दुर्घटना पर घायल को अस्पताल भेजने, 112 डायल करने, किसी कार्यालय में महिला का उच्चाधिकारी के उत्पीड़न, घर में पति द्वारा महिला से मारपीट पर 112 डायल करने की सलाह दी गई।

### पुलिस ने परिवार को टूटने से बचाया

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र में पति पत्नी में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया गया। शीलू पुत्री रामनारायण निवासी मानिकपुर सरहट ने एसपी से शिकायत की थी कि पति दीपक पुत्र रामस्वरूप निवासी मानिकपुर गालीगलौज, मारपीट व लड़ाई झगड़ा करता है। एसपी ने प्रार्थनापत्र के निस्तारण के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र को निर्देशित किया। केंद्र प्रभारी गुड्डी देवी, आरक्षी मंजूलता पाल ने दोनों पक्षों को सुनकर समझाया। दंपति साथ रहने को राजी हो गए।

### पत्रकार की नानी का निधन

**चित्रकूट।** प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष अनुज हनुमत की नानीजी का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पैतृक गांव रसिन के फल्गो पांडेय के पुरवा में किया गया।

# छोटे भाई की पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाया निर्णय, 10 हजार का अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** कुल्हाड़ी मारकर छोटे भाई की पत्नी की हत्या करने में दोषी जेठ को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा दी। उस पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।



जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 20 जून 2022 को रैपुरा थाना क्षेत्र के बांधी निवासी राजेश रैदास ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके बेटे की बारात 21 जून को जानी थी। घर में चल रही तैयारियों के बीच उसकी पत्नी कुसमा (45) पर उसके बड़े भाई बाबूलाल उर्फ बबुलिया रैदास ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इससे कुसमा गंभीर रूप से घायल हो गई। बेटे पंकज ने 112 नंबर पर फोन करके इसकी जानकारी पुलिस को दी और एंबुलेंस से कुसमा को रामनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां से कुसमा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध आरोपी बाबूलाल उर्फ बबुलिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

### ननद के घर जाने से नाराज था

राजेश के अनुसार, उसकी पत्नी कुसमा लगभग दो महीने पहले बरेठी में उसकी बहन ननकी के यहां गई थी। इस बात को लेकर भाई बाबूलाल नाराज था। इससे वैवाहिक कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे घर के सदस्यों और मेहमानों की मौजूदगी में उसने घर के आंगन में कुसमा पर कुल्हाड़ी से हमलाकर लहूलुहान कर दिया था।

## आखिरकार रुपये लेकर घर वापस लौटी विवाहिता

**रामनगर (चित्रकूट)।** प्रेमी के घर रहने की जिद पर अड़ी विवाहिता रुपये लेकर घर लौटने को राजी हो गई। इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि और ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाई और महिला को समझा बुझाकर घर भेज दिया। हालांकि पुलिस इस संबंध में कुछ भी कहने से बच रही है।

रामनगर ब्लाक अंतर्गत, मऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को एक विवाहिता, जो दूसरे संप्रदाय की थी, ने एक युवक के घर में यह कहकर डेरा डाल दिया था कि अब वह यहीं रहेगी। यह देख युवक की पत्नी ने पुलिस बुला ली थी। देर शाम तक पुलिस और ग्रामीण मामले को सुलझाने में लगे थे। प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि घंटों तक चली पंचायत के बाद भी जब कोई हल नहीं निकला तो सभी लोग थाने पहुंचे, जहां कागज पर समझौता लिखा गया।

# युवक के अपहरण के आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** युवक के अपहरण के आरोपी प्रेमी युगल को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ पुलिस के पास पर्याप्त साक्ष्य हैं। इनसे पूछतांछ के बाद इनको गिरफ्तार कर लिया गया है।

गौरतलब है कि कोतवाली अंतर्गत कोठिलिहाई गांव निवासी अभिलाष सिंह ने अपने बीस वर्षीय बेटे अभ्युदय उर्फ रोशन सिंह की आठ अक्टूबर को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि खोजबीन की तो पता चला कि प्रिया सिंह पुत्री गजाधर सिंह निवासी बरगढ़ हाल पता पुरानी पीएचसी मऊ ने अंकित पुत्र बुद्धराज निवासी अंबेडकरनगर मऊ की साजिश के तहत प्रिया ने अभ्युदय को फोन करके घर बुलाया और फिर दोनों लोगों ने मिलकर मारपीट की और गायब कर दिया। इस पर पुलिस ने धारा 140(1) बीएनएस (किसी व्यक्ति की हत्या करने या उसे हत्या के खतरे में डालने के इरादे से अपहरण करने के लिए) के तहत प्रिया व अंकित पर रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ने मामले की विवेचना और आरोपियों की गिरफ्तारी की जिम्मेदारी एसआई इंद्रजीत गौतम को सौंपी।

**युवक को ले जाने के साक्ष्य मिले :** पुलिस के मुताबिक, एसआई गौतम व उनकी टीम को आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर दोनों आरोपियों द्वारा युवक को ले जाने के साक्ष्य प्राप्त हुए। इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को प्रिया सिंह व अंकित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से एक लोहे की समसी और आरोपी युवती के घटना के समय पहने हुए धुले कपड़े बरामद किए। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी नीतू द्विवेदी, राहुल देव और अंजली शामिल रहीं।

**आसपास के जिलों में जाएगी टीम:** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पूछतांछ में आरोपियों ने अभ्युदय को मऊ के महिला घाट के आसपास यमुना नदी में फेंकने की बात कही थी। तीन दिन तक एसडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में युवक की तलाश की पर नाकामयाबी हाथ लगी। अब पुलिस की टीमें मिर्जापुर, कौशांबी, प्रयागराज आदि समीपवर्ती जिलों में जाएंगी।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी युवक-युवती।

● लापता युवक का अब तक नहीं चला पता

# 20 किमी दूर ब्लाक कार्यालय बना परेशानी का सबब

हरी नारायणपांडेय,रामनगर(चित्रकूट)

**अमृत विचार।** किसी जगह को कोई दर्जा दे देने भर से उसका महत्व नहीं बढ़ता, विकास नहीं होता बल्कि व्यवस्था व मानीटरिंग भी आवश्यक है। आकांक्षी ब्लॉक रामनगर के साथ भी कुछ ऐसा ही है।

ब्लॉक में बाल विकास विभाग के प्रति उदासीनता लोगों को कचोटती है। विभाग का कार्यालय ब्लॉक मुख्यालय से लगभग 20 किमी दूर राजापुर में शुरुआती दौर से है। ऐसे में ब्लाक के ग्रामीण अंचलों के लोगों को इसका लाभ कैसे मिलता होगा, सहज अनुमान लगाया जा सकता है। मासिक बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तक किराया खर्च कर राजापुर आती जाती है। जानकारी के अनुसार, नवंबर 1991 से रामनगर में बाल विकास परियोजना का कार्यालय खोलने की कवायद शुरू हुई थी लेकिन तब कुछ कारणों से किराये का भवन लेकर राजापुर में खोल दिया गया था जो आज भी वहीं है। बताया तो यहां तक जाता है कि संबंधित अधिकारी कर्वी में अपना आवास बनाकर रह रहे हैं। वह केवल बैठक में ही राजापुर आते हैं बाकी काम सुपरवाइजर के जिम्मे है। उधर आरोप यह भी हैं कि यहां राजापुर में एकांत में कार्यालय होने से बाल पुष्टाहार में हाथ साफ करने में कोई कठिनाई नहीं होती है।


राजापुर में बाल विकास विभाग का कार्यालय। अमृत विचार


रामनगर ब्लॉक परिसर में कृषि विभाग की खाली पड़ी बिल्डिंग। अमृत विचार

● आकांक्षी ब्लाक के विकास में आ रही बाधा

### कृषि विभाग में कार्यालय की पहल बेकार

ब्लॉक के सूत्र बताते हैं कि रामनगर क्षेत्र के इंटवा, लौरी, देऊंधा, बांधी, लोधौरा, पहाड़ी जैसे गांवों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने तत्कालीन बीडीओ धनजय सिंह से एक बार समस्या बताई थी कि मानदेय भी कम मिलता है और मीटिंग हो या पुष्टाहार लेना हो, राजापुर तक जाना पड़ता है। तब बीडीओ ने कृषि विभाग के खाली पड़े भवन में बाल विकास विभाग के कार्यालय को खोलने के लिए पत्र लिखा था। सूत्र बताते हैं कि भनक लगने पर बाल विकास विभाग के जिम्मेदारों ने कृषि विभाग के अधिकारियों को गुमराह कर स्वीकृति देने से मना करा दिया।

### बोले अधिकारी...

खंड विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक की अवधारणा में बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। हम समन्वय बनाकर गति प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं लेकिन कार्यालय रामनगर में न होकर राजापुर में होने से अपेक्षाकृत सहयोग नहीं मिल पाता है। इससे दिक्कत होती है। उधर, बाल विकास विभाग की डीपीओ पीडी विश्वकर्मा ने बताया कि हमारी बिल्डिंग रामनगर में बन रही है, जो लगभग एक माह में बनकर तैयार हो जाएगी। इसके बाद राजापुर से कार्यालय रामनगर में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# विद्यार्थी के विकास में अभिभावक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बरद्वारा में गुरुवार को अभिभावक-अध्यापक बैठक में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा हुई। सबका यही मानना था कि विद्यार्थी के विकास में शिक्षक के साथ अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

बैठक में शिक्षकों ने बच्चों के सामूहिक व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन को लेकर चर्चा की और अनियमित उपस्थिति वाले बच्चों को चिह्नित कर अभिभावकों से उनको नियमित स्कूल भेजने को कहा। अभिभावक और शिक्षकों ने बच्चों के शैक्षणिक उपलब्धि स्तर को बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानाध्यापक राजवर्धन सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों, आगामी योजनाओं के विषय में बताया। इस मौके पर गुलाब सिंह, छेदीलाल यादव, शिव सिंह यादव आदि अभिभावक और अध्यापक मौजूद रहे।

● अभिभावक अध्यापक बैठक में विचार-विमर्श

### नैतिकता की शिक्षा अनिवार्य हो : कुलदीप



समाजसेवी अभिभावक कुलदीप सिंह ने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता के कारण बच्चों पर ध्यान देना होगा। विद्यालयों में नैतिक संस्कार की शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए। इससे बच्चे व्यवहारिक जीवन में माता-पिता तथा समाज के प्रति नैतिकता का बोध सीख सकेंगे।

### ग्रामीण इलाकों में जागरूकता लाएं : बालकृष्ण



बालकृष्ण विश्वकर्मा ने शिक्षकों से ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रथम गुरु माता-पिता हैं। कायाकल्प जैसी योजनाओं की चर्चा कर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लानी होगी।

### ईमानदारी से निभाएं दायित्व : गणेश दत्त

गणेश दत्त ने कहा कि अध्यापकों को अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी के साथ करना चाहिए और बच्चों में सबके प्रति आदर और देशप्रेम की भावना का विकास करना होगा। भारतीय संस्कृति के अनुसार, गुरुओं के प्रति सम्मान, व्यवहार में अनुशासन और बड़ों के प्रति आदर सिखाने की आवश्यकता है।

**महर्षि वाल्मीकि जयंती** — लालापुर में रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और हवन का हुआ कार्यक्रम

# बांदा के लोक कलाकारों ने लव-कुश प्रसंग सुनाया

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** वाल्मीकि जयंती पर गुरुवार को लालापुर में रामायण पाठ किया गया। इस मौके पर भजन-कीर्तन, हवन आदि से देश के कल्याण की मंगल कामना की गई।

वाल्मीकि आश्रम में संत महात्माओं एवं जनप्रतिनिधियों ने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तमसा नदी व विजय पताका ध्वजारोहण का आरती एवं पूजन किया। हरीसंकरी पौधरोपण किया गया। बांदा के लोक कलाकार दयाराम रैकवार ने रामायण पाठ एवं संगीतमयी लव कुश प्रसंग से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। रामलीला समिति बांदा की प्रस्तुति भी सराहनीय रही। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, महंत भरत दास, अध्यक्ष जिला पर्यटन व संस्कृति विभाग आनंद सिंह पटेल, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, चंद्र प्रकाश खरे, चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, अश्वनी अवस्थी, आलोक पांडेय, सह प्रांत संघ संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर प्रांत वीरेंद्र चतुर्वेदी, प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा रामचंद्र कनौजिया, जिलाध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक पंकज अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, पीओ नेडा एके श्रीवास्तव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम आदि मौजूद रहे।



लालापुर में हुए कार्यक्रम में मौजूद कलाकार। अमृत विचार


महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा को नमन करते लोग। अमृत विचार

### चिकित्सा शिविर का आयोजन

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर लालापुर में होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग चित्रकूट ने होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व औषधि वितरण किया गया। शिविर में जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. दिलीप सिंह, डा. मुकेश कुमार पांडेय, डा. प्रीति झा, डा. कुसमेंद्र सिंह, अशोक कुमार तिवारी, सुशील कुमार सिंह फार्मासिस्ट, पंकज कुमार पटेल व अश्वनी कुमार ओझा योग प्रशिक्षक, राम बाबू, बृजेश कुमार सिंह, जुगल किशोर पांडेय, उदयभान आदि मौजूद रहे।

## पति सहित आधा दर्जन ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे की एक नवविवाहिता ने दहेज की मांग पूरी न होने पर पति, सास, ससुर, ननदों और ननदोई के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा ससुर पर छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज हुई।

कस्बा निवासी महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी शादी गत 18 अप्रैल को औरैया जनपद के बिधूना कस्बा निवासी राजन गुप्ता के साथ हुई। पिता ने दहेज में 35 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद पति राजन गुप्ता, ससुर राकेश गुप्ता, सास रश्मि गुप्ता, ननद हिमानी उर्फ रूपा, हर्षिता उर्फ रिशु गुप्ता तथा नंदोई सचिन गुप्ता पता अज्ञात 10 लाख नकद एवं फॉर्च्यूनर कार की मांग करने लगे। शादी के दो दिन बाद पता चला कि पति शारीरिक रूप से अक्षम है। गत एक अगस्त को ससुर ने उसके साथ छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर सास, पति, ननदों ने उसे जमकर पीटा।

## सार-संक्षेप

### मानस में है सभी समस्याओं का समाधान : रामभद्राचार्य

**सीतापुर (चित्रकूट)।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में गुरुवार से दो दिवसीय संगोष्ठी शुरू हुई। इसका विषय गोस्वामी तुलसीदास : सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्री रामचरितमानस जनमानस की सभी समस्याओं का समाधान है। गोष्ठी का उद्घाटन जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एक महान विद्वान संत हैं। उन्होंने अवधी भाषा को समुच्च्य भाषा माना है। पद्मश्री विधा बिंदु सिंह ने कहा कि अवधी भाषा हम सबका गौरव है। अवधी और भोजपुरी भाषा में फिल्में बन रही हैं। द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस मौके पर डा. इला द्विवेदी, डा. कल्पना दुबे, दिव्या दुबे, वेणु वनिता, डा. रामशंकर आदि के साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।


संगोष्ठी का उद्घाटन करते जगद्गुरु रामभद्राचार्य।

# सहकारी समितियों में डीएपी खाद के लिए मारामारी

## 3-3 दिन से चक्कर काटने के बाद भी किसानों को नहीं मिल रही खाद, बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** रबी फसल की जुताई बुवाई शुरु होते ही डीएपी खाद क किल्लत बढ़ गई है। किसान डीएपी खाद के लिए दिन दिन भर सहकारी समितियों में लाइन पर लगा रहता है और नम्बर आने पर खाद खत्म हो जाने से तमाम किसानों को सारा दिन धूप में लाइन पर लगने के बाद भी खाद नही मिल पा रही है इससे किसानों में खासा गुस्सा है। दूर दराज से खाद के लिए आने वाले किसानों ने अब समितियों में डेरा जमा लिया जिससे जल्दी नम्बर आ सके। समय से डीएपी खाद न मिलने से जुताई बुवाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। बुवाई के लिए तैयार खेत खाद न मिलने से खाली पड़े हैं। उधर समय से बुवाई न हो पाने से किसान भी खासे चिंतित हैं।



सहकारी समिति में खाद के लिए किसानों की लगी भीड़। अमृत विचार

गौरतलब है कि अक्टूबर माह में रबी फसल की बुवाई का कार्य शुरु हो जाता है, लेकिन इस साल अभी तक किसानों को डीएपी खाद न मिल पाने के कारण उनकी बुवाई पिछड़ती जा रही है। किसान खाद के लिए ग्रामीण अंचलों से भी बिना खानपान किए सुबह से ही सहकारी समितियों में खाद के लिए डेरा जमा रहे हैं, लेकिन समितियों में किसानों की भारी भीड़ जुट जाने के कारण चालीस फीसदी किसानों को बिना खाद लिए बैरंग लौटना पड़ता है, जिससे उनका समय और किराये का पैसा बर्बाद होता है। शासन प्रशासन किसानों के लिए खाद का पर्याप्त इंतजाम नहीं कर पा रही है, जिससे खाद को लेकर सहकारी समितियों में मारामारी मची हुई है।

डीएपी खाद बीज में मिलाकर फसल की बुवाई की जाती है। किसानों ने एक सप्ताह पहले जुताई और बखराई करके खेतों को तैयार कर लिया है, कुछ किसानों ने तो कुओं और ट्यूबवेलों से पानी लगाकर खेतों में पलेबा करके तैयार कर लिया है।

वहीं कुछ किसानों ने बारिश की नमी होने के कारण खेत तैयार कर लिए हैं अब किसान बुवाई के लिए पूरी तैयारी से जुटा हुआ है, लेकिन डीएपी खाद के आड़े आ जाने से किसानों की समय से बुवाई नहीं हो पानी रही। किसान फूलसिंह, रज्जब, हलकुट्टा, सरमन अहिरवार आदि का कहना है कि डीएपी खाद कम आने के कारण सभी किसानों को खाद नहीं मिल रही है। तीन तीन दिन से किसान खाद के लिए चक्कर काट रहा है, इसके बाद भी किसानों को खाद मयस्सर नहीं हो पा रही है।

### दुकानों से महंगे रेट में खाद खरीदने को किसान मजबूर

- ग्राम श्रीनगर और जैतपुर में दुकानदार खुलेआम अधिक रेट में डीएपी खाद बेंच रहे हैं, जिससे किसानों को मजबूरन प्राइवेट दुकानों से डीएपी महंगे दामों पर खरीदनी पड़ रही है। कारण, सहकारी समितियों में कई दिनों से चक्कर काटने के बाद भी डीएपी खाद नहीं मिल सकी है, इससे किसान बुवाई का समय निकलता देख मजबूरन अधिक पैसा देकर दुकानदारों से डीएपी खाद खरीदकर खेतों में बुवाई करने के लिए जुट गया है।

# शरद पूर्णिमा पर भक्तों ने रामधुन के साथ लगाई गोरखगिरि की परिक्रमा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** गुरू गोरखनाथ परिक्रमा समिति के तत्वावधान में गुरुवार की तड़के सुबह शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर ऐतिहासिक गोरखगिरि की परिक्रमा भक्तों द्वारा रामधुन के साथ लगाई गई। भक्तों ने भक्ति और उत्साह के साथ पर्वत की पैदल परिक्रमा लगाकर पुन्य कमाया। परिक्रमा समाप्ति के बाद समिति द्वारा गोष्ठी का आयोजन कर शरद पूर्णिमा, ऐतिहासिक गोरखगिरि पर्वत और चौदह वर्ष के वनवास दौरान भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के यहां पर आने पर विस्तारण से जानकारी दी गई।

शहर के शिवतांडव स्थित शिव मंदिर से परिक्रमा की शुरुआत की गई जो महावीरन, पठवा के हनुमान, केदारेश्वर महादेव, कबीर आश्रम, हाजी फिरोजशाह बाबा की मजार, सकरे सन्या, छोटी चंडिका, काली माता, शनिदेव मंदिर, नागौरिया व काल भैरव होते हुए वापस शिव मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुई। परिक्रमा दौरान श्रद्धालुओं जय श्रीराम, गुरु गोरखनाथ की जय सहित तमाम धार्मिक जयकारे लगाते हुए हाथों में पीले रंग के झंडे लिए चल रहे थे। इस दौरान पुरुषों के अलावा महिलाओं ने भी पैदल चलकर परिक्रमा पर्ण की। समाजसेवी एवं पूर्व प्रधानाचार्य शिवकुमार गोस्वामी ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन चंद्रमासोलह कलाओं से युक्त रहता है, इस रात्रि को खीर में चंद्रमा की रोशनी पड़ने से अमृत तुल्य हो जाती है, जिसके सेवन करने से मनुष्य निरोगी रहता है।



शिव मंदिर परिसर में परिक्रमा निकालने को तैयार भक्त। अमृत विचार

● गोष्ठी में वक्ताओं ने शरद पूर्णिमा के महत्व पर डाला प्रकाश

पूर्व प्रवक्ता डॉ एलसी अनुरागी ने कहा कि भगवान राम सीता व लक्ष्ण इस ऐतिहासिक पर्वत पर चौदह वर्ष के वनवासकाल दौरान यहां पर ठहरे थे, जिसका प्रमाण यहां पर बनी सीतारसोई, रामकुंड हैं। गोष्ठी दौरान अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने श्लोक सुनाए। अधिवक्ता मुन्नालाल धुरिया, ओमनारायण शुक्ला, हरीशंकरनायक, गौरीशंकर कोष्ठा, जगदीशचंद्र बहादुर, चंद्रभानश्रीवास, परशुराम, ओमप्रकाश साहू, राकेश चौरसिया, मुन्नालाल अनुराग, वैजनाथ, विनोद सोनी, पप्पू सैन आदि मौजूद रहे।

# फर्जी कंडक्टर मामले की जांच करने पहुंचे अफसर

महोबा कार्यालय

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के महोबा डिपो बस में फर्जी परिचालक पकड़े जाने के मामले ने तूल पकड़ लिए है। जिसके बाद विभाग में खलबली मच गई। जिसके बाद उच्च अधिकारियों सहित प्रबंध निदेशक ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। बस में फर्जी परिचालक पकड़े जाने के मामले की जांच करने क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप अग्रवाल और सेवा प्रबंधक विनोद मौर्या गुरुवार की शाम महोबा डिपो पहुंचें। करीब तीन घंटे तक अलग अलग लोगों से पूछताछ करने के बाद दोनों अधिकारियों ने अपनी जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंपने की बात कही है।

पत्रकारों से रूबरू हुए आरएम संदीप अग्रवाल ने कहा कि फर्जी बस परिचालक प्रकरण में डिपो एआरएम द्वारा जांच की जा रही है। इसमें पूरी तरह से निष्पक्षता का ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जायेगा उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया ड्यूटी स्लिप जारी करने वाले, ड्यूटी पर हाजरी लगाने वाले टाइम कीपर, इटीएम जारी करने वाले इटीएम इंचार्ज, बैग जारी करने वाले व बैग और कैश जमा करने वाले बैग वाइज इंचार्ज एवं कैश व डॉक्यूमेंट जमा करने वाले स्टेशन इंचार्ज जो भी इस मामले में दोषी होगें उन सभी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण से महोबा डिपो ही नहीं बल्कि यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम की शाखा को नुक्सान हुआ है । वही पत्रकारों द्वारा झांसी में जांच दल द्वारा फर्जी कंडक्टर पकड़े जाने पर उसे हिरासत में क्यों नहीं लिया गया और न ही दूसरा परिचालक दिया

● दोषियों के खिलाफ की जायेगी कार्यवाही: संदीप अग्रवाल

गया जिसके जवाब पर उन्होंने कहा कि झाँसी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक की बड़ी लापरवाही है। जिसे नकारा नहीं जा सकता लेकिन झांसी जिले की जांच अन्य अधिकारियों द्वारा की जायेगी। अधिकारियों के रवैया से इतना तो साफ हो गया कि महोबा डिपो की बस में पकड़े गए फर्जी परिचालक को भेजने से लेकर लाने ले जाने तक एक सिंडिकेट की तरह कार्य किया जा रहा था जिसका खुलासा होने के बाद परिवहन निगम के अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

बता दें कि 10 अक्टूबर को महोबा डिपो बस क्रमांक यूपी 78 एचटी 7683 महोबा से यात्रियों को लेकर दिल्ली गई थी। बस में चालक शकील अली,महेंद्र सिंह सैकेंड व परिचालक संजय गुप्ता के नाम से ड्यूटी स्लिप जारी की गई थी। बस दिल्ली से यात्रियों को लेकर वापस महोबा आ रही थी उसी दौरान झांसी के पास सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आरडी सोनकर ने सहयोगी सहायक यातायात निरीक्षक ज्ञान सिंह, मिथलेश सोनी ने बस को रोककर चेक किया था। बस में 17 यात्री पाए थे,जिसमें एक यात्री बिना टिकट यात्रा करते पाया गया था । झांसी एआरएम की भौतिक निरीक्षण रिपोर्ट में ड्यूटी स्लिप के आधार पर परिचालक नही था। परिचालक के रूप में प्रदीप नामक व्यक्ति का उल्लेख किया था, बताया जाता है कि उसकी संविदा सेवा पहले ही समाप्त की जा चुकी है। इस दौरान जांच अधिकारियों ने कहा कि बस में दोनों चालकों को यह पता होना चाहिए की ड्यूटी स्लिप में कौन परिचालक है जिसे दोनों चालकों ने छिपाया। इसलिए इस प्रकरण में उन्हें भी दोषी माना जा रहा है।

## हाईवे पर टेंपो पलटने से बुजुर्ग की मौत दूसरा गंभीर घायल

**महोबा।** झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम सूपा के पास एक तेज रफ्तार टेंपो का असंतुलित होकर पलट गया जिससे टेंपो सवार तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक यात्री की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के नत्थू के मजरा निकासी भानसिंह (70) टेंपो में सवार होकर अपनी पुत्री के यहां खरेला जा रहा था। तभी ग्राम सूपा के पास तेज रफ्तार सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से आनन फानन में घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों जिला अस्पताल लाए। जहां उसकी मौत हो गई।

# उपकारागार में साफ सफाई रखने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में व न्यायधीश जेपी यादव के आदेश पर गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शहर के उपकारागार का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान बंदियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के बावत उपजिला कारागार के जेलर को आवश्यक निर्देश दिए गए साथ ही कारागार में खानपान और सफाई की बेहतर व्यवस्था रखने के भी निर्देश दिए गए।

बंदियों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के बावत जेलर महोबा को दिशा निर्देश जारी किए गए। जिला उपकारागार में निरुद्ध बंदियों की समस्याओं को सुना गया और उनसे भोजन पानी की व्यवस्था के बावत जानकारी ली गई तथा निशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने का समस्याओं की सुनवाई सुनिश्चित करते हुए जेल के बंदियों विधिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कहा गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण पात्र बंदियों के विधिक सहायता किए जाने के लिए सदैव तत्वर है।


उपकारागार का निरीक्षण करती टीम। अमृत विचार

निरीक्षण दौरान कुछ बंदियों के जमानत प्रार्थना पत्र उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिए गए। जो बंदी अत्यंत गरीब है और अपने लिए निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते उन्हें निशुल्क लीगल एंड डिफेंस काउंसिल नियुक्त करने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेलर ने बताया कि उप कारागार में 336 बंदी निरुद्ध हैं। बताया कि सुबह बंदियों को नाश्ते में चाय गुड और पाव रोटी दिया गया। दोपहर में अरहर की दाल चावल और लौकी की सब्जी तैयार की गई। निरीक्षण दौरान लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम महोबा के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी रामनरेश यादव, असिस्टेट योगेंद्र सिंह और जेलर शिवमूरत सिंह शामिल रहे।

● न्यायाधीश की टीम ने उपकारागार में बंदियों से निरीक्षण के समय की पूछताछ

# 50 वर्ष पूर्व 1 हफ्ते चलता था दशहरा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने कहा कि अब दशहरा मिलन समारोह के आयोजनों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पचास साल पहले एक एक सप्ताह तक दशहरा मिलन समारोह के आयोजन होते थे, लेकिन अब लोगों में इन कार्यक्रमों के प्रति रुचि कम होने के कारण आयोजन भी कम हो रहे हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग कार्यक्रमों के प्रति अब कम समय निकाल पाते हैं, लेकिन यहां पर हर साल दशहरा मिलन समारोह मनाए जाने की परम्परा प्रेस क्लब आज भी कायम किए हुए है।

सदर विधायक प्रेस क्लब के तत्वावधान में कम्युनिटी हाल में आयोजित दशहरा मिलन समारोह के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दशहरा मिलन के कार्यक्रम आयोजित किए जाने से सालो पुरानी बुराईयों भूलकर लोग एक दूसरे से गले मिलकर गिले शिकवे दूर करते हैं। यह पर्व एक दूसरो को मिलाने के साथ साथ आपसी भाईचारे का संदेश देना वाला भी है। उन्होंने कहा कि दशहरा मिलते समय लोगों में अच्छाईयों के प्रति रुचि बढ़ जाती है और वह बुराईयों को भूल जाता हैं। उन्होंने कहा कि दशहरा मिलन समारोह के आयोजन अधिक से अधिक किए जाने चाहिए।



कार्यक्रम में बोलते सदर विधायक। अमृत विचार

● विधायक ने कहा गले मिलने से दूर हो जाते हैं गिले-शिकवे

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने कहा कि यहां हर साल पत्रकारों द्वारा दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इस काम को व्यापार मंडल, समाजसेवियों और शहर के लोगों को करना चाहिए लेकिन प्रेस क्लब यह परम्परा बनाए है। इस मौके पर लोक और संगीत कलाकारों द्वारा गीत-संगीत, लोक कलाओं की प्रस्तुति दी। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री एके त्रिपाठी, राजेश चतुर्वेदी, प्रकाश सक्सेना, आनंद द्विवेदी, केके सोनी, ललित विश्वकर्मा, अवधेश दुबे, नईम अंसारी, सुमित तिवारी आदि रहे।


लीला का मंचन करते कलाकर। अमृत विचार

# सीता स्वयंवर का मंचन देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा श्रीनगर में किले के समीप रामलीला मैदान 125 साल से रामलीला का मंचन होता चला रहा है। इस वर्ष भी विजयदशवीं के दिन से नवयुवक रामलीला मंडलीय द्वारा रामायण लीला का मंचन किया जा रहा है। गुरुवार की रात कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर, श्रीराम द्वारा परशुराम के धनुष को तोड़ना और लक्ष्मण और परशुराम और रावण बाणासुर के मध्य हुए संवाद का मंचन किया साथ ही और पेटू राजा ने अपने हास्य अभियन से दर्शकों को लोटपोट कर दिया।

रामलीला के चौथे दिन लीला मंचन करते हुए कलाकारों द्वारा बाणासुर के रावण संवाद का मंचन करते हुए बाणासुन रावण से परिचय पूछते है जिस पर रावण क्रोध से तमतमा उठता है और फिर यहीं से रावण और बाणासुर का संवाद शुरू होता है। लंकापति रावण सीता स्वयंवर के लिए आमंत्रण न मिलने पर राजा जनक पर क्रोधित होता। निमंत्रण न दिए जाने का कारण पूछता है। जनक कहते हैं कि समुंदर पार लंका जाना संभव नहीं था। इसीलिए निमंत्रण नहीं भेज सके तो रावण और क्रोधित हो जाता है और कहता है कि अगर आप ने समुद्र में एक पत्र भी डाल दिया होता तो समुंद्र में इतना साहस नहीं होता कि हम तक वह न पहुंचाता। दर्शकों ने इस मंचन का खूब आनंद उठाया।

● पेटू राजा ने अपने हास्य अभिनय ने सभी को किया लोटपोट

इसके रामलीला कलाकारों ने अभियन करते हुए दिखाया कि जैसे ही धनुष का खंडन हुआ तब परशुराम सीता स्वयंवर में आ गए और उन्होंने क्रोधित होकर पूछते है कि यह धनुष किसने तोड़ा। तभी लक्ष्मण ने जवाब दिया कि "टूट रघुपतिहु न दोसू मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू" अर्थात वह तो छूटे ही टूट गया उसमें रघुपति का कोई दोष नहीं है तब परशुराम और भी क्रोधित हो गए। लक्ष्मणजी ने हँसकर कहा- हे देव सुनिए, हमारे जान में तो सभी धनुष एक से ही हैं। इसमें रघुनाथजी का भी कोई दोष नहीं है। परशुराम श्रीराम से वार्ता करते हुए शांत हो जाते है। सीता स्वयंवर लीला ते दौरान खूब पुष्प वर्षा की गई। गुड़ाने के पेटू राजा कक्का जू ओर नाऊ कक्का के हास्य अभिनय ने सभी को लोटपोट कर दिया। रामलीला में परशुराम अनिल शुक्ला और लक्ष्मण अनमोल मिश्रा रहेकी रही इसके अलावा लखन राजेश तिवारी, जनक भूपेंद्र रिछारिया, विश्वामित्र अनूप त्रिवेदी, रावण सुबोध गंगेले, बाणासुर अरविंद तिवारी आदि रहे।

समारोह | जुलूस देखने के लिए सड़कों और छतों पर जुटी रही लोगों की भीड़

# धूमधाम से मनाई वाल्मीकि जयंती, खूब देखी गई झांकी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार को वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज के लोगो द्वारा कस्बा कबरई में भव्य जुलूस निकाला गया। शोभा यात्रा में महर्षि वाल्मीकि की झांकी सजाई गई। झांसी देखने के लिए सड़को के दोनो तरफ महिलाओं पुरुषों की भारी भीड़ जुटी रही। जुलूस दौरान समाज के लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

वाल्मीकि जयंती के जुलूस में शामिल होने के लिए सुबह से ही वाल्मीकि समाज के लोग कस्बा कबरई के छंगा चौराहा के समीप तलैया प्रांगण में एकत्र हो गए। दोपहर में तलैया प्रांगण से बैंडबाजों के बीच शोभा यात्रा निकाली गई। जुलूस परम्परागत मार्गों से होते हुए पुनः तलैया प्रांगण में पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान समाज के लोग नारे लगाते हुए चल रहे थे। बैंडबाजों के बीच युवक थिरकते हुए चल रहे थे। जुलूस दौरान सजाई गई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। जुलूस देखने के लिए लोग चौराहो औ अपनी अपनी छतों पर चढ़े नजर आए।


वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद खड़े लोग। अमृत विचार

समापन अवसर पर उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष रामसेवक ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने जो रामायण लिखी थी जो देश में आज भी पढ़ी जा रही है। महर्षि की योग्यता को आज भी लोग चर्चे करते उन्हें याद करते है। उन्होंने कहा कि वह डाकू होने के बाद भी एक महर्षि बने। उन्होंने कहा कि उनके बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। वाल्मीकि जयंती के मौके पर शहर में पालिका प्रशासन ने सफाई कर्मचारियों को लगाकर मलिन बस्तियों व अन्य स्थानों पर साफ सफाई कराई। जुलूस दौरान सफाई कर्मचारी संघ के जिला महामंत्री सीता राम रागी, मुकेश कुमार, हरवंश और संतोष कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

- शहर के मोहल्ला शेखनपुरा में वाल्मीकि चौराहे पर स्थित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर अधिकारियों, समाजसेवियों और समाज के लोगों ने माल्यार्पण किया। वाल्मीकि चौराहे पर पहले पूजा अर्चना की गई इसके बाद अन्य कार्यक्रम शुरू हुए। अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र कुमार, सीओ सिटी दीपक दुबे, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, नगर पालिका के अधीशासी अधिकारी अवधेश कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया, पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त खरे के अलावा उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# रामायण के आदर्शों पर चलने की दी प्रेरणा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने वाल्मीकि के जीवन चरित्र, पौराणिक महत्व पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा रचित रामायण के आदर्शों पर चलने की छात्रा-छात्राओं को प्रेरणा दी गई। संचालन प्रवक्ता क्रांति देवी ने किया।

शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरिफ राइन ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि रामायण में वाल्मीकि ने 24000 श्लोकों में श्रीराम उपाख्यान 'रामायण' लिखी। कहा कि महर्षि वाल्मीकि की रचनाओं ने जीवन की हर अवस्था में मार्गदर्शन किया है और युगों युगों तक समाज को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है। महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण महाकाव्य हमें बिना किसी भेदभाव के जीवन जीने की सीख देती है। प्रभु श्रीराम के आदर्श और संस्कारों से आपस में जोड़ने रखने का श्रेय महर्षि वाल्मीकि को जाता है।

● स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में वाल्मीकि जयंती पर हुआ कार्यक्रम

प्रवक्ता शिखा महान ने माता सीता तथा लव कुश के संरक्षक व शिक्षक के रुप में उनकी भूमिका से छात्र छात्राओं को रुबरू कराया। प्रवक्ता संतोश शर्मा ने वाल्मीकि को सुविख्यात दुष्टा, ऋषि व विश्व के प्रथम कवि बताया। प्रवक्ता मनोज यादव ने वाल्मीकि के वाल्यकाल से ऋषि होने तक की जानकारी दी। प्रशांत शुक्ला, संदीप खरे, बसंत विश्वकर्ता सहित छात्रा छात्राओं ने महर्षि वाल्मीकि के चरणों में पुष्प अर्पित किए।

# आज बुलाई गई पेंशनर्स सेवा संस्थान की बैठक

**महोबा।** वर्ष 2013 तक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ओर से पेंशन बेची गई हैं। वह शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पेंशनर भवन में 11 बजे पीपीओ, पेंशन भुगतान आदेश की कापी आधार कार्ड, नवीन पासपोर्ट साइज फोटो, राशिकरण के आदेश की कापी के साथ उपस्थित हो।

वरिष्ठ पेंशनर्स सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा राशिकरण की धनराशि की प्रतिमाह होने वाली कटौती रोकने के आदेश कराने के लिए विचार विमर्श के संबन्ध में बैठक की जाएगी। बैठक में अधिक से अधिक पेंशनर उपस्थित होकर पेंशन संबन्धी अपनी अपनी समस्याओं से संस्थान को अवगत कराएं। ताकि अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराकर समस्याओं का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जा सके।

